डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः जेम्स कैमरून का दावा टाइटैनिक में जैक और रोज का साथ में बचना था असंभव

वर्ष -08 अंक -246 | प्रयागराज मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### कीव और आसपास के क्षेत्रों में सुनी गई धमाकों की तेज आवाज

**कीव।** आसपास के क्षेत्रों में सोमवार तड़के जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इससे पहले, कीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने कहा था कि क्षेत्र में ड्रोन हमलों की



आशंका थी। फिलहाल, ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि, धमाके वायु रक्षा प्रणाली के थे जो ड्रोन को नष्ट कर रहे थे या फिर लक्ष्यों को मार रहे थे। बता दें कि, इससे पहले यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाकर किए गए रूसी मिसाइल हमलों की वजह से यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में घंटों बिजली गल रही थी। शुक्रवार को रूसी सेना की तरफ से 70 से ज्यादा मिसाइलें दागी गई थीं और ड्रोन हमले किए गए थे। इन हमलों में कम से कम 9 बिजली संयंत्रों को नुकसान पहुंचा था और तीन लोगों की मौत हो गई थी। 13 अन्य घायल हो गए थे। गौरतलब है कि, रूसी हमलों के बाद देश के बड़े हिस्से में बिजली गुल है। यूक्रेन ठंड से कांप रहा है। बहुमंजिली इमारतों में रहने वाले लोग घर छोड़कर वर्षा-बर्फबारी के बीच सुरंगों, बेसमेंट अन्य सुरक्षित स्थानों पर रात गुजार रहे हैं। शुक्रवार को हुए रूस के मिसाइल हमलों ने यूक्रेन की स्थिति और बिगाड़ दी है। राजधानी कीव में 60 प्रतिशत से ज्यादा आबादी बिजली-पानी से वंचित है।

## भाजपा नेता हंसराज हंस बोले बिलावल भुट्टो पाकिस्तान का पप्पू राहुल गांधी पर भी कसा तंज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ग्वालियर।** भाजपा नेता और सूफी गायक हंसराज हंस ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को पाक का पप्पू बोला है। तानसेन



समारोह-2022 की पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम में रविवार को प्रस्तुति देने आए दिल्ली उत्तर पश्चिम से भाजपा सांसद व सूफी गायक हंसराज हंस ने कहा कि बिलावल की बातें पप्पू जैसी है और इसे गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर हंसराज हंस ने कहा कि वह वहां का पप्पू है। हम पप्पुओं को गंभीरता से नहीं लेते हैं। जिनकी अपनी इज्जत होती है, वह सोच समझकर ही बोलते हैं। सूफी गायक ने कहा कि राहुल गांधी मेरी नजर में अच्छे हैं, पर उन्हें राजनीति नहीं आती है। पठान फिल्म के बेशर्म रंग गाने पर चल रहे विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि भगवा रंग संतों पर ही अच्छा लगता है। फिल्म बनाने वालों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने इस विवाद के लिए सेंसर बोर्ड को भी दोषी बताया। हंसराज हंस ने बिलावल पर तंज कसने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मोदी जैसा बनना असंभव है। भाजपा सांसद ने कहा कि पहले भी कई पीएम हुए हैं जिनका मैं सम्मान करता हूं लेकिन वे विदेश में दूसरे राष्ट्राध्यक्षों के साथ कोने में खड़े होते थे। तब ऐसा लगता था मानो भारत गरीब है और कुछ मांग रहा है।

## तेलंगाना कांग्रेस में अंतर्कलह, वरिष्ठ नेताओं की टिप्पणियों के विरोध में पीसीसी के 13 सदस्यों ने दिया इस्तीफा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** तेलंगाना कांग्रेस में आंतरिक कलह तेज होती दिख रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के 13 सदस्यों ने कुछ वरिष्ठ नेताओं की टिप्पणियों के विरोध में रविवार को इस्तीफा दे दिया कि अन्य दलों से कांग्रेस में आए लोगों को प्रमुखता मिली है। इन 13 सदस्यों में कांग्रेस विधायक डी. अनसूया (सीतक्का) और पूर्व विधायक वी. नरेंद्र रेड्डी भी शामिल हैं। अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के कुछ पूर्व नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के संबंध में शनिवार को कहा था कि अगर दूसरे दलों से कांग्रेस में आने वालों को पार्टी में प्राथमिकता दी जाएगी, तो इससे मूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच क्या संदेश जाएगा।राजनरसिम्हा ने जब यह टिप्पणी की, तब कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क,



लोकसभा सदस्य एन उत्तम कुमार रेड्डी, पूर्व सांसद मधु यशकी गौड़ और पार्टी विधायक टी. जयप्रकाश रेड्डी (जिन्हें जग्गा रेड्डी के नाम से जाना जाता है) भी उनके साथ मौजूद थे। इन नेताओं के असंतोष को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद ए रेवंत रेड्डी के प्रति निर्देशित के रूप में देखा जा रहा है। राजनरसिम्हा ने जब यह टिप्पणी की, तब कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क, लोकसभा सदस्य एन उत्तम कुमार रेड्डी, पूर्व सांसद मधु यशकी गौड़ और पार्टी विधायक टी. जयप्रकाश रेड्डी (जिन्हें जग्गा रेड्डी के नाम से जाना जाता है) भी उनके साथ मौजूद थे। इन नेताओं के असंतोष को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद ए रेवंत रेड्डी के प्रति निर्देशित के रूप में देखा जा रहा है। हाल में मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी की प्रदेश इकाई में आंतरिक कलह देखने को मिली है।

## अर्जेंटीना की जीत पर भारत में जश्न, सड़कों पर उतरे फैंस पीएम मोदी ने दी खास बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच खेले गए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में अर्जेंटीना ने कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। अर्जेंटीना को 36 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप में जीत मिली है। इसी के साथ लियोनेल मेसी का अपनी टीम को विश्व कप दिलाने का सपना



भी पूरा हो गया। इस बीच अर्जेंटीना की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने अर्जेंटीना को जीत की बधाई देते हुए कहा, 'अर्जेंटीना और मेसी के लाखों भारतीय प्रशंसक इस शानदार जीत पर खुशी मना रहे हैं। आप सब को बधाई।' पीएम ने इसी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन को टैग करते हुए कहा कि इर्ध्दैदेत्ल्ल्ज् में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए फ्रांस को बधाई।कोलकाता के श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब में फ्रांस के खिलाफ अर्जेंटीना की जीत का जश्न खूब शोर शराबे से मनाया गया। अर्जेंटीना के प्रशंसकों ने कहा कि वे अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं, उन्होंने कहा कि हम सभी इसे लंबे समय से देखने के लिए इंतजार कर रहे थे, क्योंकि मेसी विश्व कप जीतने के हकदार थे। वहीं गुरुग्राम में भी लोगों ने जीत के बाद पार्टी की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल में 'रोमांचक जीत' के लिए बधाई दी। राहुल ने ट्वीट करते हुए कहा कि कितना सुंदर खेल था। रोमांचक जीत के लिए अर्जेंटीना को बधाई। फ्रांस भी अच्छा खेला। मेसी और एम्बाप्पे दोनों सच्चे चैंपियन की तरह खेले! राहुल ने आगे कहा कि ये फाइनल एक बार फिर दिखाता है कि बिना सीमाओं के खेल कैसे एकजुट होते हैं। वहीं, खरगे ने भी अर्जेंटीना को उनके 'शानदार' प्रदर्शन के लिए बधाई दी। अर्जेंटीना के कप्तान लियोन मेसी ने फाइनल में जीत के साथ कई इतिहास रच दिए। उसमें सबसे प्रमुख है दो बार गोल्डन बाल जीतना। विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया जाने वाला गोल्डन बाल दो बार जीतने वाले मेसी एकमात्र खिलाड़ी हैं। 2014 में जर्मनी से हार के बावजूद लियोन मेसी को उस विश्व कप में गोल्डन बाल दिया गया था। इस बार दोबारा अर्जेंटीना की जीत के बाद उन्हें यह अवार्ड दिया गया।

## सेना पर राहुल गांधी के बयान को लेकर नड्डा भी बरसे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जवानों पर विवादित बयान



देकर भाजपा को अपने ऊपर हमला करने का मौका दे दिया है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी पर चौतरफा हमला शुरू कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राहुल गांधी को आड़े हाथ लिया है। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान हमारी सेना का मनोबल गिराने का काम करता है। चीन की भाषा बोल रहे राहुल गांधी नड्डा ने आगे कहा, 'राहुल गांधी के बयान की जितनी निंदा की जाए कम है। भारतीय सेना शौर्य और पराक्रम की प्रतीक है। जब-जब देश पर संकट आया, भारतीय सेना मुस्तैदी के साथ देश की सुरक्षा में लगी रही।' नड्डा ने आगे कहा कि हम जानते हैं कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने कांग्रेस पार्टी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। हम जानते हैं कि राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास ने किस तरह से आर्थिक मदद और फंडिंग दी है।

## 2023 तक भारत में हाइड्रोजन से चलेंगी ट्रेनें, वंदे मेट्रो ट्रेन भी शुरू करेगा भारतीय रेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु ।** रेलवे वंदे मेट्रो ट्रेन का निर्माण कर रहा है जो 1950 और 60 के दशक में डिजाइन की गई मेट्रो ट्रेन का स्थान लेगी। रेल एवं



संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित हाइड्रोजन ट्रेन दिसंबर 2023 में शुरू होगी। वैष्णव ने एक बातचीत के दौरान संवाददाताओं से कहा, ठहम डिजाइन कर रहे हैं और डिजाइन मई या जून तक आ जाना चाहिए। हम एक विश्वस्तरीय वंदे मेट्रो डिजाइन कर रहे हैं, जो एक बड़ी छलांग होगी।ठ उन्होंने कहा, ठये वंदे मेट्रो ट्रेन इतनी बड़ी संख्या में निर्मित की जाएंगी कि देश भर में 1950 और 1960 के दशक की डिजाइन वाली सभी ट्रेनों को बदल दिया जाएगा। केंद्र सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि रेलवे हर भारतीय के जीवन में बड़ा परिवर्तनकारी बदलाव लाए। हाइड्रोजन आधारित ट्रेनों पर एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि वंदे भारत की तरह भारतीय इंजीनियर इसे डिजाइन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ठडिजाइन की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है और हमें दिसंबर 2023 तक देश में पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू करने में सक्षम होना चाहिए। वैष्णव ने रेलवे के निजीकरण से इनकार करते हुए कहा, ठरेलवे एक रणनीतिक क्षेत्र है और यह सरकार के पास रहेगा।ठ केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे वंदे भारत-3 डिजाइन पर काम कर रहा है, जिसमें स्लीपर क्लास भी होगी। इन ट्रेनों का इस्तेमाल लंबी यात्रा के लिए भी किया जाएगा। वर्तमान में, रेलवे एक दिन में 12 किमी रेलवे ट्रैक निर्माण कर रहा है, जो 2004 से 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान केवल चार किमी प्रतिदिन हुआ करता था।

## तवांग झड़प के बाद पहली बार पूर्वोत्तर पहुंचे पीएम मोदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शिलांग (मेघालय)।** कतर में फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल के दिन रविवार



को पूर्वोत्तर के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन को फुटबाल से जोड़ते हुए कहा कि जब किसी खिलाड़ी का व्यवहार खेल की भावना के विरुद्ध होता है तो उसे रेड कार्ड दिखाया जाता है और मैदान से बाहर भेज दिया जाता है। इसी तरह पिछले आठ वर्ष में सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास की राह में आईं भ्रष्टाचार, भेदभाव, हिंसा और वोट बैंक की राजनीति जैसी कई बाधाओं को रेड कार्ड दिखाया है। आज सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर सात लाख करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) की स्वर्ण जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अतीत में पूर्वोत्तर को विभाजित करने के प्रयास किए गए थे, लेकिन अब हम इन विभाजनों को खत्म कर रहे हैं। पिछले आठ वर्षों में कई संगठनों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति की राह अपनाई है।

## भारत के विकास पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- चीन और अमेरिका के अनुकरण करने से नहीं होगी असल तरक्की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में को संबोधित किया। संबोधन के दौरान उन्होंने भारत



के विकास पर बोलते हुए कहा कि भारत की दृष्टि, लोगों की परिस्थिति, संस्कार, संस्कृति, विश्व के बारे में विचार, इन सभी के आधार पर भारत का विकास होगा। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, मोहन भागवत ने आगे यह भी कहा कि अगर दुनिया से हमारे देश को सीखने की जरुरत है, हम जरूर सिखेंगे,लेकिन हम अपने मौलिक सिद्धांतों और विचारों पर टिके रहेंगे। मोहन भागवत ने धर्म को लेकर कहा कि जो धर्म मनुष्य को सुविधा संपन्न और सुखासीन बनाता है मगर प्रकृति को नष्ट करता है, वो धर्म नहीं है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि अगर भारत, अमेरिका और चीन का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा तो यह भारत का विकास नहीं है। गौरतलब है कि मोहन भागवत के अनुसार भारत को अपने मौलिक सिद्धांतों पर टिके रहने की जरूरत है बता दें कि भागवत का बयान केंद्रीय मंत्री गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत के एक भू-सांस्कृतिक मामले पर दिए गए बयान के बाद आया है। गृह मंत्री ने कहा था कि पिछले कुछ दिनों पहले काशी तमिल संगमम का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में भारत की सांस्कृतिक एकता को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम मोदी ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने आगे कहा, 'पीएम मोदी ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने की कोशिश की है। यहीं से भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण शुरू होने वाला है।' गृह मंत्री ने कहा कि भारत विविध भाषाओं, संस्कृतियों, व्याकरण, कला और सभ्यताओं से बना है।

## बंगाल में जमीनी स्तर पर भाजपा को करें मजबूत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के भाजपा



नेताओं से पंचायत चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य में पार्टी के जमीनी स्तर को मजबूत करने को कहा है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी। भगवा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने राज्य के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की और कहा कि भाजपा को 'टीएमसी के खिलाफ जनता के असंतोष' का फायदा उठाना चाहिए। वहीं, राज्य भाजपा मुख्यालय में आयोजित शाह की बैठक पर, टीएमसी के पश्चिम बंगाल प्रवक्ता जय प्रकाश मजूमदार ने दावा किया कि यह उनकी पार्टी की राज्य इकाई को बिखरने से बचाने का एक निरर्थक प्रयास था। दिलीप घोष ने कहा, 'अमित शाह पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति के बारे में चिंतित हैं- कैसे टीएमसी नेताओं ने सार्वजनिक धन और केंद्रीय धन की ठगी की है, स्कूलों में अपात्र उम्मीदवारों को नौकरी देने के लिए रिश्वत ली है, हमारे कार्यकर्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। वह इस स्थिति का अंत देखना चाहते हैं। शाह जानते हैं कि लोग पश्चिम बंगाल में बदलाव चाहते हैं।

## भविष्य में दुनिया के लिए जहाज निर्माण करेंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** स्वदेश निर्मित मिसाइल 'आईएनएस मोरमुगाओ' को रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इसी को देखते हुए मुंबई में



एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत उपस्थित रहे। आईएनएस मोरमुगाओ' को सेना में शामिल किए जाने पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे भारत की समुद्री ताकत मजबूत होगी। उन्होंने कहा, 'आईएनएस मोरमुगाओ भारत में बने सबसे शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक है, यह भारतीय समुद्री क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। घ्ए मोरमुगाओ दुनिया के सबसे तकनीकी रूप से उन्नत मिसाइल वाहकों में से एक है।' राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि आईएनएस मोरमुगाओ की प्रणालियां न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करने में सक्षम होंगी। यह हमारी स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता का भी एक उदाहरण है और भविष्य में भारत भी दुनिया के लिए जहाज निर्माण करेंगे। पश्चिमी तट पर गोवा के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर के नाम पर नामित, मोरमुगाओ ने 19 दिसंबर 21 को अपनी पहली समुद्री उड़ान भरी, जब गोवा ने पुर्तगाली शासन से 60 साल की मुक्ति का जश्न मनाया था। बता दें कि इसकी डिजाइन भारतीय नौसेना के स्वदेशी संगठन ने तैयार किया है और निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है।

## हिरासत में लिए गए बांग्लादेश से आ रहे 9 रोहिंग्या फर्जी पहचान-पत्र व आधार कार्ड भी हुए बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कटिहार ।** रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष तलाशी अभियान के दौरान नार्थ फ्रंटियर (एनएफ) रेलवे के अंतर्गत अगरतला रेलवे स्टेशन पर बांग्लादेश से आ रहे नौ रोहिंग्या



को हिरासत में लिया है। पकड़े गए रोहिंग्याओं में पांच महिलाएं शामिल हैं। पकड़े गए रोहिंग्या अगरतला से दिल्ली जा रहे थे। जानकारी के अनुसार अगरतला एक्सप्रेस पर जब ये सवार हो रहे थे, तभी संदेह होने पर आरपीएफ ने उनसे पूछताछ की। जांच के दौरान सभी के पास से फर्जी पहचान-पत्र व आधार कार्ड बरामद किए गए। नार्थ फ्रंटियर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सव्यसाची डे ने बताया कि अवैध प्रवासियों और रोहिंग्याओं का पता लगाने के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन व ट्रेनों पर आरपीएफ व जीआरपी को विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया है। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने एक बयान में कहा कि अगरतला रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच के दौरान पांच महिलाओं सहित नौ लोगों को पकड़ा गया। बयान में कहा गया है,'घटना के दिन अगरतला की आरपीएफ टीम ने जीआरपी अगरतला के साथ संयुक्त रूप से अगरतला रेलवे स्टेशन पर आने और जाने वाली सभी ट्रेनों में अवैध प्रवासियों के खिलाफ विशेष जांच की। जांच के दौरान उन्होंने नौ बांग्लादेशियों का पता लगाया।' बता दें कि रोहिंग्या मुसलमानों का एक समुदाय है। म्यांमार के रखाइन प्रांत में रोहिंग्या मुसलमानों की एक बड़ी आबादी रहती है। मगर दशकों से म्यांमार में इन्हें भेदभाव और उत्पीड़न का शिकार होने पड़ रहा है। रोहिंग्या मुसलमान दावा करते हैं कि वे म्यांमार के मुस्लिमों के वंसज है। अंग्रेजी शासन के दौरान बंग्लादेश से इनके म्यांमार आकर बसने का दावा किया जाता है। इधर, म्यांमार की सीमा से सटा बांग्लादेश रोहिंग्या समुदाय को अपना मानता ही नहीं है, जिस कारण इन्हें किसी भी देश की नागरिकता नहीं मिल सकी।



# सेंट जूड्स स्कूल एण्ड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, प्रयागराज।** नैनी के ग्राम पचखरा, ब्लाक जसरा, प्रयागराज कहा कि सेंट जूड्स स्कूल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में उच्च मानक की गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान की जा भी बल दिया जा रहा है। बच्चों ने वार्षिकोत्सव में नृत्य, सोलो, गीत, संगीत के साथ-साथ नाटक का भी मंचन







स्थित सेंट जूड्स स्कूल एण्ड कॉलेज में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि अपर आयुक्त प्रयागराज श्री पुष्पराज सिंह थे। स्कूल चेयरमैन प्रो. (डा.) एस.बी. लाल ने पुष्पगुच्छ से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु उपलब्ध रहने की बात कही। चेयरमैन प्रो. (डा.) एस.बी. लाल ने कहा कि सेंट जूड्स स्कूल द्वारा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की नैतिक शिक्षा, सदाचार, स्पोर्ट्स व उनके व्यक्तित्व विकास पर किया जिसमें बच्चों ने भारत की प्रथम महिला डॉक्टर आनन्दीबाई गोपालराव जोशी के योगदान को दर्शाया। इस अवसर पर पचखरा प्रधान लल्लू सिंह, सहकारी समिति जसरा के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी (गंगाधाम), कमला द्विवेदी, बब्बन सिंह, शिव बाबू त्रिपाठी, शिवराम द्विवेदी, राजेश त्रिपाठी, भोला नाथ पाण्डेय, सहित बच्चों के अभिभावकगण उपस्थित थे।

# सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के पांचवे वार्षिकोत्सव सम्मान समारोह में किया गया कर्मवीरो का सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी




प्रयागराज की ओर से कियारा गेस्ट हाउस में संस्था का पांचवां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, वार्षिकोत्सव के मौके पर सम्मान समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईजी रेंज प्रयागराज कवीन्द्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर वी.पी.सिह, गंगा विचार मंच की प्रांत संयोजिका अनामिका चौधरी, प्रसिद्ध कथावाचक अभिषेक किंकर जी महाराज, हाईकोर्ट की डिप्टी रजिस्टार ममता द्विवेदी, राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रम्ह वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी, विश्व हिन्दू महासंघ के जिला मंत्री आशुतोष त्रिपाठी,संस्था अध्यक्ष संतोष तिवारी को संस्थान के पदाधिकारियों ने शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे, गंगा स्वच्छता अभियान के स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, पुलिस मित्र रक्तदानियों एवं महिला समाजसेवियों को सामाजिक कार्यों के लिए शील्ड एवं अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंधक/सचिव कुंवर जी तिवारी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ऐसे लोगों को सम्मानित करना है, जो समाज हित में गरीबों एवं असहाय लोगों की मदद करते हैं और जो लोगो के प्राण बचाने का सराहनीय कार्य अपने रक्त से रक्तदान करके करते हैं। कार्यक्रम में गायक आशीष शर्मा के भजन,हनुमान जी एवं राधाकृष्ण जी की झांकियां मनमोहक रही। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध कथावाचक अभिषेक किंकर जी महाराज ने दिया। मंच संचालन संस्था के प्रबंधक/सचिव कुंवर जी तिवारी एवं मुख्य सलाहकार अवधेश निषाद ने किया।

# एकमुश्त समाधान योजना 30 जून तक,ऋण जमा करने पर मिलेगी छूट लाभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक-अनुगम ने बताया कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 लखनऊ के माध्यम से ऋणों की वसूली हेतु वर्तमान नई एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। योजनान्तर्गत निर्धारित ऋण अवधि पर साधारण ब्याज के साथ साथ अवशेष धनराशि की एकमुश्त वसूली की जानी है। इस प्रकार शेष अवधि का सम्पूर्ण चक्रवृद्धि ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफ कर दिया जायेगा। राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से लाभान्वित व्यक्ति भी इस योजना का लाभ पाने के लिये हकदार होगें। एकमुश्त समाधान योजना प्रबन्धक निदेशक द्वारा 30 जून 2023 तक लागू की गयी है। उन्होंने कहा कि योजना से सम्बन्धित निगम के सभी ऐसे बकायेदार जिसका ऋण ओवर ड्यू हो चुका है तथा ऋण की अदायगी एक मुश्त करना चाहते है इस समयावधि में ऋण धनराशि जमा कर ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन प्रतापगढ़ के कार्यालय कक्ष संख्या-44 में उपस्थित अथवा सम्बन्धित विकास खण्ड में तैनात सहायक विकास अधिकारी (स0क0)/ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) से एवं जिन लाभार्थियों का अन्तिम वसूली प्रमाण पत्र जारी है वे सम्बन्धित तहसील से सम्पर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल का वार्षिकोत्सव 20 दिसंबर को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, प्रयागराज।** क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एण्ड कॉलेज, कर्मा हथिगन का वार्षिकोत्सव 20 दिसंबर को मनाया जायेगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और प्रातः 10 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में विधायक इंजी. हर्षवर्धन बाजपेई, विधायक राजमणि कोल, पूर्व विधायक राजबली जैसल विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में गार्ड पर फायरिंग का आरोप लगा छात्रों ने की पत्थरबाजी, भारी पुलिस बल मौजूद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में सोमवार को छात्रों पत्थरबाजी की। अपर पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि पुलिस बल के साथ कैंपस में मौजूद। छात्रों



ने सुरक्षा गार्डों पर फायरिंग का आरोप लगाते हुए उग्र प्रदर्शन किया। पूर्व छात्र नेता विवेकानंद पाठक पर हमले का आरोप लगा छात्रों ने परिसर में तोड़फोड़ और को बातचीत के जरिए शांत कराने की हो रही है कोशिश। बता दें कि छात्र संगठन महीनों से छात्रसंघ बहाली और फीस वृद्धि के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं समाज सेविका ने जन्म दिवस के पूर्व संध्या पर किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज की प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं कुशल समाज सेविका डॉक्टर ईशान्या राज जी के जन्म दिवस के शुभ उपलक्ष्य में आधारशिला वृद्धाश्रम पर प्रमिला न्यूरो, ब्रेन एवं नशामुक्ति केंद्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय निः शुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ जिसमे श्रीमती प्रमिला राणा जी एवं डॉक्टर ईशान्या राज जी ने सभी वृद्घ माता-पिता का निःशुल्क जांच कर उनको दवाइयां प्रदान कराया तथा सभी को चालीसा संग्रह भेंट कर आध्यात्मिक और मानसिक रूप से



सशक्त बनाते हुए सभी का प्यार व आशीर्वाद ग्रहण किया, शिविर में शुगर, रक्तचाप, ई सी जी, नेत्र आदि का मुफ्त जांच एवं उपचार किया गया इसके साथ ही संस्था द्वारा समाज सेवकों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया गया, इस अवसर पर वरिष्ठ डॉ0 श्री अजय मिश्रा जी, अंदाज़ पोएट्री फाउंडेशन के संस्थापक पं0 विजेन्द्र पाठक, डॉ0 संगम विश्वकर्मा, आधारशिला वृद्धाश्रम के अध्यक्ष श्री सुशील श्रीवास्तव, डॉ0 एस पी श्रीवास्तव,राहुल मिश्रा, विमल गिरी, तथा प्रसिद्ध गायक आशीष शर्मा, प्रियांशु श्रीवास्तव जी ,अनुकृति श्रीवास्तव आदि ने अपनी उपस्थिति से महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई

# मॉक ड्रिल: सिविल लाइन्स में आतंकवादी ने किया हमला, आगजनी में घायल लोगो के बचाव राहत कार्य में जुटी टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सिविल लाइन्स के नवाब युसुफ रोड खरबन्दा चौराहे के पास रविवार को अतंकवादी हमला हुआ। बम फटने व आगजनी से अफरा तफरी मच गयी। उत्तर मध्य रेलवे नागरिक सुरक्षा संगठन, सेंट जान एम्बुलेंस, भारत स्काऊट एण्ड गाइड और यूपी सिविल डिफेन्स की टीमन ने बचाव राहत कार्य शुरू किया। पेट्रोल की आग को फायर टेन्डर द्वारा बुझाया गया। घायलों को इंप्रूवाइज मैथेड (लाठी रस्सी और साइकिल) के द्वारा एम्बुलेंस से अस्पताल पंहुचाया गया। बम निरोधक दस्ते ने घटना स्थल का निरिक्षण किया। यह एक मॉक ड्रिल था जो आतंकवादी द्वारा हमले की स्थिति के लिए तैयार किया गया था। सिविल डिफेन्स स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर



रविवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण मॉक ड्रील का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर उप नियन्त्रक नरेन्द्र शर्मा ने बताया सिविल डिफेन्स के गठन का मुख्य उद्देश्य आपात कालीन घटनाओं में बिना किसी तैयारी के रेस्क्यू, बचाव या राहत कार्य पहुंचाने के लिए किया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शुआट्स का क्रिसमस जलसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) का भव्य क्रिसमस जलसा यीशु दरबार चर्च प्रांगण में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया जिसमें परमेश्वर के वचन, प्रार्थना, आराधना, मसीही भजन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक की प्रस्तुति हुई। शुरूआत प्रार्थना विश्वविद्यालय के चैपलिन रेव्ह. लालचुंग गैंगटे ने की।शुआट्स कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने कहा कि क्रिसमस समस्त संसार के लिये आनन्द का समचार है जिसे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति के द्वारा प्रदर्शित किया। प्रभु यीशु मसीह ने पापी लोगों को भी मुक्ति का मार्ग दिखाया। हम सभी को प्रभु यीशु मसीह के बताये सत्य के मार्ग पर चलना चाहिये और एक-दूसरे के साथ प्रेम, शान्ति, भाईचारे के साथ रहना चाहिये। कुलाधिपति, कुलपति व अन्य अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर एवं सफेद कबूतर आजाद कर खुशी एवं शान्ति का संदेश दिया। क्रिसमस फादर ने भी बच्चों का मनोरंजन किया। शुआट्स कुलपति एवं यीशु दरबार चर्च के बिशप मोस्ट रेव्ह. प्रो0 राजेन्द्र बी.








लाल ने परमेश्वर की प्रार्थना की एवं सभी को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होनें कहा कि परमेश्वर की संतान होने का अधिकार प्राप्त करने के लिये आपको प्रभु यीशु मसीह को अपना उद्धारकर्ता के रूप में अपनाना होगा जिसके उपरान्त आप जगत की ज्योति बन जायेंगे। इस पृथ्वी को परमेश्वर ने मनुष्य के लिये बनाया है और मनुष्य को पृथ्वी पर रहने का अधिकार दिया। बिशप लाल ने कहा कि परमेश्वर की इच्छा है कि सभी मनुष्य जगत की ज्योति बनें। उन्होंने कहा कि परमेश्वर का राज्य, पृथ्वी पर स्थापित किया जायेगा। पृथ्वी पर अन्धकार की ताकतें, प्रभु यीश द्वारा समाप्त की जायेंगी।इथेल हिग्गिनबॉटम के बच्चों ने यीशु मसीह के चरनी के जन्म को नाटक के द्वारा जीवंत किया। जूनियर ग्रुप के बच्चों ने डान्स की प्रस्तुति दी वहीं सीनियर ग्रुप के बच्चों ने 'तुम दुनिया के नूर हो' पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत की। फोर्ड स्कूल के बच्चों ने 'जब साथ है मसीहा जीत हम जायेंगे' पर नृत्य की प्रस्तुति दी। हिग्गिनबॉटम इण्टरमीडिएट के बच्चों ने पंजाबी मसीही गीत पर नृत्य किया। यीशु दरबार विश्वविद्यालय चर्च के बच्चों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। स्नेह आश्रय की बच्चियों ने राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जागो संगीत दल ने 'मेरा राजा है महान', करो यीशु की जय-जयकार एवं 'तेरे भवन में आनन्द की भरपूरी है' मसीही गीत की विशेष प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में डा. इंदिरा वसन्था, निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्री डा. सुधा लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो.एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. सर्वजीत हरबर्ट, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोथान ए. लाल, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, प्रो. डा. रंजन ए. जौन, फादर डेविड फिलिप्स, निदेशकगण, डीन सहित कीनिया से रेव्ह. जॉन मुग्गा उनकी पत्नी श्रीमती मेघल भी सम्मिलित हुए। समापन 'धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद' मसीही गीत के साथ हुआ जिसके उपरान्त सभी लोग सामूहिक भोज में शामिल हुए।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों की विक्रय पर होगी कठोर कार्यवाही -डीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में माह नवम्बर तक की प्रर्वतन कार्यवाहियों एवं जन जागरूकता हेतु किये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने खाद्य पदार्थो में मिलावट के रोकथाम के लिये अब तक किये गये प्रयासों की जानकारी प्राप्त की तथा खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में और अधिक जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार करने पर बल देने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी से जानकारी ली कि अब तक कितनें स्कूलों में खाद्य पदार्थो के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तो बताया गया कि अप्रैल से अब तक 20 विद्यालयों में खाद्य पदार्थो के सम्बन्ध में जागरूक किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक से इण्टर कालेज और डिग्री कालेज के अध्यापकों की सूची प्राप्त कर अध्यापकों को खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर जनपद में अधिक से अधिक खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षक तैयार करें जिससे वे विद्यालयों के विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सके। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद में मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु नियमित रूप से निरीक्षण एवं प्रर्वतन की कार्यवाही करें। खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा मिलावट करने के अपराध के मामले में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को उनके टर्न ओवर के आधार पर दण्डित करने एवं अपराध को पुनः कारित होने पर अधिकाधिक अर्थदण्ड से दण्डित करने के निर्देश दिये। उन्होने खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता पहली बार मिलावट करता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाये और यदि वह बार-बार अवमानक पदार्थ विक्रय करता है तो खाद्य कारोबारकर्ता के खाद्य कारोबार करने हेतु जारी पंजीकरण/अनुज्ञप्ति निरस्त कर दिया जाये। औषधि निरीक्षक को जनपद में संचालित थोक मेडिकल स्टोर पर फुटकर दवाओं की विक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने, गर्भपात में प्रयोग होने वाली दवायें एवं नारकोटिक्स दवाओं को चिकित्सक के पर्चे के बिना विक्री पर रोक लगाने को कहा। नारकोटिक्स एवं गर्भपात की दवाओं का विक्रय करने वाले औषधि विक्रेताओं को चिकित्सक के पर्चे की एक छायाप्रति अपने रिकार्ड में रखने के निर्देश दिये। स्कूल एवं कालेज के निकट स्थित मेडिकल स्टोरों का विशेष निरीक्षण एवं उनके रिकार्ड चेक करने के निर्देश दिये। जनपद में संचालित सभी थोक एवं फुटकर मेडिकल स्टोरो की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सीपी शर्मा, सीओ सिटी सुबोध गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण व व्यापार संगठन से मो0 अनाम एवं स्वैच्छिक संगठन से पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।



# कई वर्षों से खराब सड़क को जिला पंचायत सदस्य ने बनवाया ग्रामीणों ने जताया खुशी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हरहुआ/ वाराणसी।** नेता सही होतो हर गांव और क्षेत्र में करेंगे विकास तभी होगा बदलाव उक्त पंचायत सदस्य शैलेंद्र कुमार यादव के द्वारा सड़क मरम्मत होने से ग्रामीणों ने काफी खुश जाहिर किए। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान कार्य काल में सड़क का मरम्मत कराया। और जितने भी हमारे क्षेत्र में सड़क तथा रोड से संबंधित कार्य होगा उसे दुरुस्त कराया



बातें -चिलबिला विकास खण्ड के अंतर्गत चंद्रिका माता मंदिर से लेकर बल्ली पाल के घर तक से लगभग सात सौ मीटर कि दुरी तक लगभग दस वर्षों से खराब सड़क का रिपेयरिंग कराया गया। जिला पंचायत सदस्य के आने से गांव में काफी विकास हुआ है। वहीं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि यह रोड काफी वर्षों से ध्वस्त था। ग्रामीणों के कहने से हमने अपने जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हर सड़क तथा रोड़ को सरकार के आदेशानुसार गड्ढा मुक्त किया जाएगा। वहीं जिला पंचायत ने बने शीलापट्टी पर पानी दिये ताकि नींव मजबूत हो सकें।

# गोविंदगढ़ की युवती ने भगवान श्री कृष्ण से किया विवाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**राजस्थान।** मे एक अनोखी शादी का मामला प्रकाश मे आया है। जिसकी चर्चा पूरे देश ही नही विदेशो मे भी हो रही है। यह शादी दो इंसानो के बीच नही बल्कि इंशान और भगवान के बीच ही है। आपको बता दें कि एक युवती जो कि भगवान श्री कृष्ण की पुजारी है उसके द्वारा भगवान श्री कृष्ण से व्याह रचाया गया है। युवती के पिता मप्र मे सिक्युरिटी कंपनी चलाते हैं। बता दें कि राजस्थान के गोविंदगढ़ के एक गाव की श्री कृष्ण भक्ति में रमी पूजा सिंह नामक युवती ने 'ठाकुरजी' से ही शादी रचा ली। इस अनोखी शादी के गवाह तीन सौ बाराती थे, जिनकी मौजूदगी में मंत्रोच्चारणों और मंगल गीत के बीच पूजा ने ठाकुरजी के साथ सात फेरे लिए और चंदन से अपनी मांग भरी। पिता के शामिल नहीं होने पर उसकी शादी की सभी रस्में उसकी मां ने निभाई थी। बता दें की पूजा का कहना है कि व जब तक जियेगी सुहागन रहेगी। उसने अपने कमरे मे एक छोटा सा मंदिर बनाया है जहाँ श्री कृष्ण की मूर्ति है, उन्हे ही सुबह उठकर भोग बनकर भोजन कराती है और उनकी सेवा करती है। आपको बता दें कि कलयुग की मीरा युवती को लोंग कह रहे हैं और काफी प्रशंशा भी की जा रही है। पूजा सिंह ने बताया कि घरेलू कलह घर और समाज मे देख उन्होंने शुरू से ही शादी का निर्णय भगवान के साथ करने का निर्णय ले लिया था।



# 34वीं वाहिनीं पीएसी घोषित हुई - अति उत्तम वाहिनी, माननीय मुख्यमंत्री जी ने सेनानायक डा. राजीव नारायण मिश्र को किया पुरस्कृत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** पीएसी संस्थापना दिवस के अवसर पर पीएसी मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी को प्रदेश की 33 पीएसी वाहिनीओं के मध्य हुई प्रतिस्पर्धा में अति उत्तम वाहिनी चयनित होने पर, 'ट्रॉफी' देकर पुरस्कृत किया। उल्लेखनीय है कि सेनानायक डॉ मिश्र के नेतृत्व में 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में वाहिनी के सर्वांगीण विकास एवं जवानों के कल्याण के सतत एवं सराहनीय प्रयास हुए हैं। संस्थापना दिवस के इस समारोह के अवसर पर प्रमुख सचिव, मा.मुख्यमंत्री व गृह श्री संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी डॉ. के.एस. प्रताप कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हुए।




# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार पहुंचे मैहर भाजपा के पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया जगह-जगह स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** जगत जननी मां शारदा के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग प्रदेश प्रभारी मंत्री रोहित चहल एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा हरीश यादव पहुंचे मैहर इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय मैहर में किया गया जोरदार स्वागत एवं अलाउद्दीन चौराहा में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में किया गया जोरदार स्वागत सभी युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया जोरदार स्वागत तत्पश्चात मां शारदा के दर्शन हेतु हुए रवाना इस बीच उपस्थित रहे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी, सतना जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौभाग्य केसरी,आवास योजना सांसद प्रतिनिधि सत्यभान सिंह, रवि शर्राफ, नितिन ताम्रकार,विकास तिवारी, दुर्गेश पांडे, सुनीता सोनी, संगीता अग्रवाल, सोनम चौरसिया, अनुपम सोनी, विजया चोपड़ा, रीत आहूजा, राबेद्र सिंह, श्रीराम अग्रवाल सहित हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे मौजूद। आज भाजपा के सभी मंत्री गण मां शारदा के प्रधान पुजारी पवन दाऊजी महाराज की उपस्थिति में जगत जननी मां शारदा की विधिवत पूजन अर्चन कर देश व प्रदेश के उज्जवल भविष्य के लिए कामना किए तत्पश्चात मंत्रियों के रवाना होते ही भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा, फूंका पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी के विरोध में पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रिन्स शर्मा व नितिन ताम्रकार,पार्षद रवि सराफ के नेतृत्व मे अलाऊद्दीन चौक पर जलाया गया पुतला व जमकर नारेबाजी की गई।




# पेंशनर दिवस का किया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी नगर ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को पेंशनरों के प्रकरणों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं पेंशनरों की



अन्य मांगों को विधि सम्मत निस्तारण का दिया आश्वासन अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री मदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयोजन के समन्यवक मुख्य कोषाधिकारी श्री शिवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी सिविल लाइंस इन्दिरा भवन श्री तेज बहादुर सिंह एवं कोषाधिकारी श्री आनन्द दूबे एवं कोषाधिकारी श्री रमेश सिंह यादव तथा अन्य विभागों के वित्त एवं लेखाधिकारियों सहित जनपद के कार्यालयाध्यक्ष, पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी, पेंशनर्स व कोषागार के कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य कोषाधिकारी ने कार्यालयाध्यक्षों के स्तर से लम्बित पेंशन पुनरीक्षण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति की समीक्षा की। पेंशनर्स एसोशिएशन के सदस्यों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्यतः चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का निस्तारण, कैशलेश चिकित्सा सुविधा का क्रियान्वयन स्थानीय स्तर से कराये जाने, कार्यालय स्तर से 7वे वेतन आयोग के अनुरूप पेंशन पुनरीक्षण आदि विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी (नगर), श्री मदन कुमार ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को पेंशनरों के प्रकरणों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं पेंशनरों की अन्य मांगों को विधि सम्मत निस्तारण का आश्वासन देते हुए पेंशनर दिवस आयोजन के समय जिन कार्यालयाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति नही पायी गयी उनका मन्तव्य प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन देकर पेंशनर दिवस की बैठक का समापन किया गया।

# जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचकर बस दुर्घटना में घायल बच्चों का जाना हाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जौनपुर।** के क्रांति देवी पब्लिक



स्कूल के बच्चों को लेकर प्रयागराज आ रही टूरिस्ट बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर घायल बच्चों को तत्काल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचकर वहां पर भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां के चिकित्सकों को घायल बच्चों का बेहतर से बेहतर इलाज किए जाने के लिए कहा है। बस में अध्यापक सहित लगभग कुल 21 बच्चे बैठे थे, जिनमें से दो बच्चे अनुराग उम्र 16 वर्ष तथा अंकित उम्र 17 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। इसके अलावा 3 बच्चों को गम्भीर चोटे आयीं है। शेष बच्चों को मामूली चोटे लगी है।

# मध्यप्रदेश के शहडोल जिले पपौध से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शहडोल।** व्यौहारी से दुर्गेश कुमार गुप्ता कि रिपोर्ट थाना पपौध ग्राम निपानिया से एक लापता किसान का खेत में संदिग्ध अवस्था में अधजला चोटिल शव मिला है। कर रहे है।जिले के पपौन्ध थाना क्षेत्र के ग्राम निपनिया निवासी किसान अमित कुमार तिवारी 15 दिसबंर को घर से खेती के काम से निकला था। जिसका देर रात तक कोई पता नहीं चल सका।



परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए बीच सड़क में शव रखकर विरोध जता रहे है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को सड़क से हटाने की कवायद कर रही है। लेकिन अपनी मांगों को लेकर अड़े ग्रामीण विरोध जिसके बाद परिजनों ने थाने में लापता होने की सूचना दी। एक दिन बाद निपनिया-दलको में स्थित पड़ोसी के खेत मे संदिग्ध अवस्था में जितेन्द्र का शव मिला। शरीर पर चोट के निशान भी मिले है मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पपौन्ध पुलिस ने शव का पोस्टर्माटम कर परिजनों को सौंप दिया। नाराज परिजनों ने हत्या की आशंका पर निपनिया ब्यौहारी पहुंच मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। लोगों की मांग है कि जिले के बड़े अधिकारी मौके पर आए और जल्द से जल्द इस हत्या का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। इसके साथ ही परिजनों ने कुछ लोगों पर संदेह भी व्यक्त किया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने कहा कि जितेन्द्र के लापता होने की सूचना आई थी। जिसके एक दिन बाद उसका खेत में शव मिला है। शरीर में चोट के निशान है। हत्या की आशंका जता रहे है। मामले की पड़ताल की जा रही है। ग्रामीण शव रखकर विरोध जता रहे है। उनको समझाइश दी जा रही है।

# यूपी राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई अंजली तोमर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** उत्तर-प्रदेश के बलिया जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार बलिया पर जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें जिले के तमाम शिक्षकों ने प्रतिभाग किया उसमें राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु



प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज बलिया की अंजली तोमर सहायक अध्यापक और दिव्यांशु कंपोजिट रसूलपुर रसड़ा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। बलिया सहित पूर्वांचल मे अपनी एक अलग पहचान बनाई अंजली तोमर के इस चयन के लिए बलिया के शिक्षा की मंदिरों मे हर्ष व्याप्त है। ज्ञान संप्रेषण कौशल निर्णय क्षमता प्राप्त करने की क्रिया में सूचना एवं संप्रेषण दोनों ही आवश्यक है। वर्तमान समय में सूचना में संचार तकनीकी गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर जनपद के सभी शिक्षकों ने बधाई दी और राज्य स्तर पर बलिया का नाम रोशन करने की शुभकामनाऐ प्रदान की इसके पूर्व अंजली तोमर का चयन राज्य स्तरीय कला क्राप्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में हुआ है साथ कला एवं संगीत के सन्दर्भदाता का भी प्रक्षिक्षण प्राप्त कर चुकी है। अंजली तोमर ने अपने कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अल्प समय में ही राज्यस्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है।समय की प्रतिबद्धता ही इसकी जीवन की पूंजी है।

100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com
Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# क्रांतिकारी विचारधारा जन जन तक फैलाने से होगा भ्रष्टाचार का अंत-आनन्द पटेल दयालु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ओबरा।** राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना के तत्वाधान में राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु की अध्यक्षता में हर किया गया कि क्रांतिकारी विचारधाराओं को किताबों में अनिवार्य रूप से किया जाए जिससे बचपन से ही बच्चों में देशभक्ति की भावना प्रेरित हो और वह देश जरूरत है और शहीदों का दर्जा जो अभी तक नहीं मिला है क्रांतिकारियों को शहीदों का दर्जा मिलना चाहिए मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव जनाब महताब आलम



वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खां ,पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ,राजेंद्रनाथ लाहिड़ी ठाकुर रोशन सिंह जी का शहादत दिवस बड़े ही श्रद्धा पूर्वक मनाया गया और संकल्प लिया गया कि क्रांतिकारी विचारधाराओं को घर-घर फैलाने का हम सभी लोग काम करेंगे और भारत सरकार से मांग के लिए काम करें वह डॉक्टर बने इंजीनियर बने नेता बने कुछ भी बने तो देश के लिए काम करें तभी जाकर भ्रष्टाचार का अंत हो सकता है सबसे पहले देश है क्रांतिकारियों के सम्मान में 1 दिन का राष्ट्रीय अवकाश होना या एक दिन देश के नाम सबसे ज्यादा काम करके क्रांतिकारियों को सम्मान देने की ने संचालन किया है मुख्य रूप से श्री शिवदत्त दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश प्रवक्ता जनाब शिबू शेख, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राधेश्याम भारती,प्रदेश सचिव श्रीमती सोनी खान, जिला संगठन मंत्री श्री दिनेश केसरी, श्रीमती कुसुम देवी ,श्रीमती तरन्नुम बानो,नैयर आलम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चोपन पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर द्वारा



वांछित/वारण्टी / पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में, तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थाना चोपन पुलिस के द्वारा रविवार को वैष्णौ मंदिर के पास से आज सुबह दस बजे के करीब संतोष उम्र लगभग 37 वर्ष पुत्र श्याम लाल निवासी डाला चढाई एक वारंटी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही का जा रही है। वहीं एनबीडब्ल्यू में वारंटी मु0 न0- 1621/2020 धारा 147, 323, 504, 506, 325, 427 राज्य बनाम सत्येन्द्र यादव व गैंगस्टर थाना चोपन, मा0 न्यायालय श्रीमान् एसीजेएम / सी0 जज सीडी सोनभद्र से सम्बन्धित उपरोक्त वारंटी को लेकर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है इस दौरान टीम में लक्ष्मण पर्वत, डाला चौकी इंचार्ज अरविन्द कुमार गुप्ता, कास्टेबल करन कुमार ,कास्टेबल विमलेश गुप्ता रंजीत सरोज शामिल रहे।

# मंडलीय अस्पताल में इंजेक्शन लगाते मिला बाहरी व्यक्ति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी कमल ने सोमवार को सुबह मंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान इंजेक्शन लगाते एक बाहरी व्यक्ति मिला। उसे पुलिस के हवाले किया गया। इमरजेंसी में मेल वार्ड ब्वाय और ओपीडी में कई डॉक्टर अनुपस्थित मिले। प्राचार्य ने मंडलीय अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक को पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी है। प्राचार्य ने सुबह नौ बजे मंडलीय अस्पताल पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षक के दौरान इमरजेंसी कक्ष में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से पूछा गया कि इस समय किसकी-किसकी ड्यूटी है, तो बताया गया कि मेल स्टाफ नर्स अजीत चौबे की ड्यूटी है, परंतु वे बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। इसके बाद आर्थोपेडिक्स विभाग में भी कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। एआरवी (एंटी रैबिज वैक्सीन) कक्ष में एक बाहरी व्यक्ति एप्रन पहनकर इंजेक्शन लगाते मिला। पूछे जाने पर उसने अपना नाम दुर्गेश दुबे बताया। वह चिकित्सालय का कर्मचारी नहीं था। उस संदिग्ध व्यक्ति को चिकित्सालय परिसर में स्थित पुलिस चौकी के सुपुर्द कर कार्रवाई करने के लिए चौकी प्रभारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी के मेडिसिन विभाग में डॉ. उमेश श्रीवास्तव के अतिरिक्त कोई चिकित्सक नहीं मिला। इसी प्रकार स्किन व सर्जरी में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में नर्सिंग अधीक्षिका व चिकित्सालय प्रबंधक अनुज ठाकुर मौजूद रहे।

# डीएवी खड़िया के वार्षिकोत्सव-फिएस्टा 2022 ने शहर में मचाया धूम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर / सोनभद्र।** एनसीएल प्रबंधन द्वारा संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया परियोजना में आज शाम विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव फिएस्टा 2022 (मेगा शो) बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम झा अध्यक्षा संजीवनी महिला मंडल खड़िया परियोजना तथा मुख्य अतिथि श्री राजीव कुमार जनरल मैनेजर खड़िया परियोजना, ए आर ओ, डी ए वी पब्लिक स्कूल्स यूपी जोंन डी के श्री अरविंद कुमार सिंह के साथ- साथ क्षेत्रीय डीएवी एवं अन्य विद्यालयों के प्राचार्य सहित सभी गणमान्य लोगों का प्रवेश द्वार पर तिलक लगाकर माला फूल से हार्दिक वंदन एवं अभिनंदन संपन्न हुआ । तदुपरांत विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य लोगों ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया त् प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी गणमान्य लोगों को श्रीफल साल एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सभी का हार्दिक स्वागत वंदन एवं अभिनंदन किया तथा बताया कि आज के बच्चे कल के देश के उज्जवल भविष्य हैं इनको बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से पूर्ण विकसित कर देश एवं समाज को उनकी बहुमूल्य अमानत प्रदान करना हम सभी का परम कर्तव्य एवं दायित्व भी है. इस लिए इस तरह के आयोजन की भी आवश्यकता होती है ।तदुपरांत विद्यालय के बच्चों ने अपने स्वागत गीत के साथ सभी का स्वागत किया तथा मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की । कार्यक्रम के दौरान एलकेजी के बच्चों ने जहां दिल है छोटा सा छोटी सी आशा चांद तारों को छूने की आशाङ्ग के साथ समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी को अपने बचपन की यादों में भावविभोर कर दिया वही यूकेजी के बच्चों ने फ्यूजन डांस के माध्यम से मनोहारी लोकनृत्य प्रस्तुत किया सभी को पंजाब की लोक संस्कृत से जोड़ा । प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी द्वारा विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते सराहनीय डीएवी की आगामी अप्रैल में पूर्ण होने वाली सेवा पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर बधाई दी । म्यूजिकल योगा के माध्यम से कक्षा



तथा कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत लावनी नृत्य श्री गणेश स्तुति के साथ-साथ महाराष्ट्र की संस्कृति का बोध कराने में सक्षम रहा । अंग्रेजी नाटक के माध्यम से कक्षा 9 एवं 10 के बच्चों ने जहां फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब स्नैपचैट, मैसेंजर, टेलीग्राम, पब्जी का महत्व बताते हुए साइबर क्राइम से बचाव के प्रति लोगों को आगाह किया वही कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रस्तुत लघु नाटिका के माध्यम से यातायात के नियमों का पालन करते हुए जीवन मूल्यों के महत्व को समझाया ।आयो रे शुभ दिन आयो रेङ्ग लोक नृत्य के माध्यम से कक्षा तृतीय तथा चतुर्थ की छात्राओं ने जहां गुजरात की लोक संस्कृति की याद दिलाई वही कक्षा नवम एवं दशम के छात्रों ने जाम तेरा कसूर गोरे रंग दा कसूरङ्ग गीत पर भांगड़ा लोक नृत्य प्रस्तुत कर हुए दर्शाया गया कि विद्यालय शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है साथ ही साथ विगत वर्ष कक्षा दसवीं बोर्ड में 95.2ञ्ज अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र प्रांजल दुबे को तथा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 96 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका सिंह, कक्षा 12वीं की पूर्व छात्रा ऋषिका पांडेय को सी यू ई टी परीक्षा जो कि राष्ट्र स्तर पर आयोजित की जा रही है, मे अंग्रेजी विषय 100 मे 100 अंक तथा 12वीं के छात्र ध्रुव प्रकाश यादव को ओवरऑल स्टार परफारमेंस पर मुख्य अतिथि ने मोमेंटो प्रदान कर सराहना की तथा साथ ही साथ मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका (लक्ष्य) का विमोचन कर, श्रीमती गीता द्विवेदी एवं अनिल कुमार पोद्दार की पांचवी से लेकर 10वीं तक के छात्रों ने जहां सूर्य नमस्कार मयूरासन जैसे अनेकानेक आसन एवं व्यायाम को प्रस्तुत कर स्वास्थ्य के बारे में लोगों को सचेत किया वही कक्षा चतुर्थ एवं पांचवी के बच्चों ने अलबेली पाठशाला के माध्यम से अपने अनेक अनोखे प्रश्न उत्तरों से लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कराया ।डी ए वी पब्लिक स्कूल्स ऊ प्र ज़ोन डी के ए आर ओ श्री अरविन्द कुमार सिंह जी ने बताया कि डी ए वी संस्थाओं से निकले हुए छात्र हर क्षेत्र में देश व विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं तथा साथ ही साथ डी ए वी खड़िया की उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पाण्डेय जी को बधाइयाँ दी ।कक्षा 11वीं 12वीं के छात्रों ने जहां अच्छे अंक प्राप्त करने पर भी अच्छे कालेज में प्रबंधन की कमी से प्रवेश न होने पर सतर्कता एवं जागरूकता के साथ अपने हक को प्राप्त करने की याद दिलाई वही कक्षा सातवीं, आठवीं की छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य के माध्यम से ईश्वर के प्रति आस्था प्रकट कर सबके मन को भावविभोर किया । साथ ही साथ पूरे कार्यक्रम सञ्चालन में विष्णु (प्रत्युष द्विवेदी ) तथा नारद की भूमिका निभा रहे (शाश्वत प्रकाश शुक्ला) के प्रदर्शन ने कार्यक्रम को और मनोहारी बना दिया । पूरे कार्यक्रम में लगभग 500 छात्र - छात्राओं ने अपने अपने कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जो कि विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि रही ।एल एम् सी चेयरमैन एवं जनरल मेनेजर खड़िया परियोजना मुख्य अतिथि श्री राजीव कुमार जी ने अपने उद्बोधन में डी ए वी खडिया के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की भूरि - भूरि प्रशंसा की तथा अपने पूर्व स्मृतियों को याद करते हुए विद्यालय में होने वाले हवन आदि कार्यक्रमों, विद्यालय की उपलब्धियों जैसे कॉमर्स, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, पेंटिंग आदि विषयों के शुरआत तथा इसी सत्र के साथ नर्सरी की शुरुआत आदि उपलब्धियों की सराहना की और बताया कि एन सी एल के जितने भी स्कूल हैं उसमें डी ए वी खड़िया ही एक स्कूल है जहाँ नर्सरी की कक्षाएं चलती हैं, डी ए वी खड़िया लगातार पांचवी बार बेस्ट मैनेज्ड स्कूल का ख़िताब जीत रहा है और इस साल उसे सोनभद्र जिले के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर द्वारा भी पुरस्कार की प्राप्ति हुयी जो सराहनीय है । इस मेगा शो की सार्थकता और बच्चों के खूबसूरत प्रदर्शन की अथक सराहना करते हुए उन्होंने ऐसे आयोजनों को आने वाले समय में जारी रखने की अपेक्षा की तथा साथ ही साथ सभी की मंगल मय भविष्य की कामना करते हुए अपने आशीर्वचन दिए । कार्यक्रम सफल एवं सराहनीय रहा ।

# हादसे में पति की मौत, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहनपुर के पास रविवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार की हुई मौत के मामले में पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया है। पत्नी ने पति के भाई पर हत्या कराने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पड़री थाना क्षेत्र के पथरहा गांव निवासी दिनेश सिंह उर्फ मुन्नी सिंह (50) बाइक से घर से मिर्जापुर जा रहे थे। रास्ते में मोहनपुर पहाड़ी के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में वो गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने उन्हें मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दिनेश से एक पुत्र व एक पुत्री है। उनकी पत्नी सारिका सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य है। दिनेश सिंह शहर कोतवाली क्षेत्र के राजाविजयपुर कोठी मोहल्ले में बने मकान में परिवार के साथ रहते थे। वे अपने पैतृक गांव पथरहा से मिर्जापुर जा रहे थे। इस बीच रास्ते में हुए हादसे में मौत हो गई। मामले में दिनेश की पत्नी सारिका सिंह ने पति के भाई पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पति की भाई से दुश्मनी है। भाई ने ही पति की हत्या करवाई है। यह हादसा नहीं हत्या है। थानाध्यक्ष माधव सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना में मौत होने का लग रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, हत्या के आरोप से संबंधित कोई तहरीर उन्हें नहीं मिली है।

# अन्ना हत्याकांडः दोषियों को उम्रकैद

## प्रत्येक पर 19 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद जेल में बितायी अवधि सजा में होगी समाहित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए अन्ना हत्याकांड के मामले में शनिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र



न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्ज्मा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों लोढ़ू उर्फ कांति व टोसे उर्फ मदन को उम्रकैद एवं 19-19 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक झारखंड प्रांत के रांची जिलान्तर्गत जगरनाथपुर थाना के जगरनाथपुर गांव निवासी कुलदीप कुमार पासवान पुत्र इंद्रा पासवान ने शक्तिनगर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसका सगा भाई राजन उर्फ अन्ना शक्तिनगर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में परमेश्वर कुमार पासवान जो ममेरा भाई है के यहां रह रहा था। 9 अगस्त 2016 की रात करीब 9 बजे भाई अन्ना व उसका साथी आकाश डम्फर देवी के घर पर बैठे थे कि अचानक प्रेमनगर निवासी लोढ़ू उर्फ कांति पुत्र लकिन्दर आदिवासी व टोसे उर्फ मदन पुत्र लालगोप आदिवासी आ गए और चाकू व डंडे से वार करने लगे। जिससे भाई अन्ना व आकाश को चोटें आई। अन्ना को संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया उसके सीने व पेट में गम्भीर चोट होने की वजह से डॉक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। उधर लोढ़ू व टोसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मोबाइल से परमेश्वर ने सूचना दिया तब यह तहरीर दे रहा हूं। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया और पुलिस विवेचना के दौरान भाई अन्ना की मौत हो गई। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों लोढ़ू उर्फ कांति व टोसे उर्फ मदन को उम्रकैद एवं 19-19 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने की।

# संत जोसेफ स्कूल के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर / सोनभद्र।** एनटीपीसी शक्तिनगर के आवासीय परिसर में स्थित संत जोसेफ स्कूल में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एसएसटीपीएस शक्तिनगर अध्यक्ष फादर लुइस मस्करेन्हस, प्रशासक इलाहाबाद डायसिस एवं गणमान्य अतिथिगण द्वारा दीपप्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के वर्तमान सत्र के वार्षिकोत्सव को 'वार' विषयवस्तु द्वारा रेखांकित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न शीर्षकों के माध्यम से नाटक, नृत्य, मीम्स, ऐतिहासिक घटनाक्रम एवं नृत्यनाटिकाओं शानदार प्रस्तुति से छात्रों ने जनमानस के अंतःकरण को झंकृत करने का प्रयास किया। नृत्य शिक्षिका के निर्देशन में छात्राओं एंजला, संस्कृति, कृतिका, अनुष्का, सुप्रिया, एंजलीना, क्रिसलिन. ऋचा, तृषा, तरुषी, अक्षिता, स्नेहा, अदिति, गगनदीप, अनन्या व जिज्ञासा ने प्रार्थना नृत्य द्वारा अतिथिगण का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान की। एलकेजी के छात्रों आरिका, आरिफ, जीविका, नीलेश, प्रणिका, अनामिका, आर्वी, बिअंका, वेद, ग्रेसी, आराध्या एवं अन्य ने प्रकृति प्रेम को दर्शाते हुए 'प्रकृति और हम' विषय पर नृत्य-नाटिका का मंचन कर उपस्थित अभिभावकों को तालियाँ बजाने को विवश कर दिया। एक ओर जहाँ यूकेजी के छात्रों अनुज, एलिशा, मैनुएल, मानशी, अलिस, आन्या आदि ने स्वास्थ्य ही सर्वोत्तम धन विषय पर प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान खेलकूद, स्वच्छता एवं समुचित




जीवनशैली की ओर उन्मुख किया तो वहीं दूसरी तरफ पहली कक्षा के विद्यार्थियों अनुष्का, अमायरा, अर्चित, आर्ना, अंकित, जसनीत, कनिका, अराध्या, स्वास्तिक, कृष्णा, अविचल. अविका, आशीष, नैतिक इत्यादि ने आधुनिक खान-पान एवं आदतें तथा स्वास्थ्य विषय को नृत्य व नाटक के माध्यम से उकेरने का प्रयास किया, जिसे उपस्थित सभा द्वारा सराहा गया। 'बच्चे व डिजिटल दुनिया' विषय को केंद्रित कर कक्षा दो के विद्यार्थियों साक्षी, यदुराज, अर्तिका, कार्तिक, अमाया, आकांक्षा, स्वप्निल, तेजस, श्रेया आदि ने डिजिटल दुनिया के लाभ व हानि को रेखांकित करने का प्रयास किया। कक्षा तीन के छात्रों श्रेयांश, अनीशा, सृष्टि, चंद्रकांत, काश्वी, सौभाग्य, सम्मृद्धि, अंकुर दिपाली इत्यादि ने नारी सशक्तिकरण को अपने नाटक का विषय केंद्रित कर नारी सम्मान का आह्वान किया तो चौथी कक्षा के छात्रों आरिन, अभिनव, अर्नेश, अभिज्ञान, तृषा इत्यादि ने 'फेक न्यूज' विषयिक नाट्यमंचन द्वारा समाज को सचेत करने का सार्थक प्रयास किया। कक्षा पाँच के छात्रों ने मूल्य-निर्माण के आवश्यक तत्त्वों पर प्रकाश डालते हुए नाटक दिखलाया। कक्षा छः के विद्यार्थियों ओजस, दीपक, यशराज, आप्तिका, शिवि, मनस्वी, अमूल्या, अनकना व टीम ने जहाँ 'अति सर्वत्र वर्जयेत' शीर्षक के माध्यम से यह दिखाने का प्रयास किया कि किसी भी चीज की अधिकता उचित नहीं अतः हमें सदैव उचित रूप में ही उपभोग को महत्व देना चाहिए तो वहीं सातवीं के छात्रों रुद्र, अंशिक, विवेक, सुमित, दिव्यांश, आरव, नमन, केविन, सिम्सन, शुभम, आदित्य, अमन, तन्मय द्वारा माइम्स की प्रस्तुति देकर भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का संदेश दिया गया। 'बुराइयाँ अच्छी होती हैं' व्यंग्य की प्रस्तुति कक्षा आठ के छात्रों श्रेया, सुहानी, आयुष, लावित्रा, सौम्या, आलिया, जैनब इत्यादि द्वारा दी गई तो नवीं कक्षा के छात्रों श्रेया, अदिति, राजनंदिनी, रुद्रांशी, प्रकृति, जागृति, श्रवण, निखिल, मान्या व अन्य द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करने के लिए नृत्य-नाटिका का मंचन किया गया जिसके द्वारा छात्रों को संबल प्रदान करने का प्रयत्न किया गया। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी शक्तिनगर ने अपने सार्गर्भित उद्बोधन में विद्यार्थियों की मनोरंजक व ज्ञानवर्धक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि संत जोसेफ स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु ज्ञान के साथ ही साथ संस्कार, संस्कृतिक प्रस्तुति, खेलकूद व समस्त गतिविधियों में अपनी योग्यता को लगातार 45 वर्षों से प्रमाणित करता आ रहा है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे फादर लुइस मस्करेन्हस, प्रशासक इलाहाबाद डायसिस ने अपने शुभाशीर्वचन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग प्रतियोगिता का है और संत जोसेफ के बच्चे प्रतिवर्ष नए प्रतिमान गढ़ रहे हैं। उच्च स्तरीय मानकों को प्रतिष्ठापित करने हेतु शिक्षक व विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। यह विद्यालय एक संपूर्ण विद्यालय की परिभाषा को जीवंत रूप प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि द्वारा मेधावी छात्रों जिन्होंने 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर वरीयता सूची में प्रथम तीन स्थान पर रहे उनको प्रमाण-पत्र व कैश से पुरस्कृत किया गया साथ ही खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय में 25 वर्षों की अनवरत सेवा प्रदान करने वाले शिक्षणेतर कर्मचारी पूरन हीरेंज व साइमन पैट्रिक को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंतिम सोपान के रूप में कक्षा 11 के छात्रों साहिल, सृजन, हिमांशु, अद्रिजा, मालविका, क्षितिज, अनिकेत, प्रियांशू, अंकिता, पलक, सिमोन, प्रशांत, अभिषेक, शुभम, आर्यन, नित्या, कृष आदि ने अशोक महान के व्यक्तित्व को उजागर करते हुए नृत्य व नाट्यमंचन के माध्यम से समाज को अहिंसा व सच्चाई के मार्ग से अभिप्रेरित होकर निष्ठापूर्वक जीवनयापन का संदेश प्रसारित किया गया। स्कूल कैप्टन दिव्या कुमारी व अमन सिंह ने विदलय की वार्षिक प्रगति आख्या पर प्रकाश डाला तो वायस कैप्टन मान्या व अमन ने सभी आगंतुक के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिजू वर्गीस के नेतृत्व में बुशरा, सौम्या, क्षितिज व आर्यन ने तो तकनीकी सहयोग शिक्षक मृत्युंजय के नेतृत्व में 11वीं के छात्रों ने एवं निर्देशन शिक्षक टाइट्स क्रास्टा ने किया। समारोह में समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेतर कर्मचारी, छात्र व अभिभावकगण उपस्थित रहे एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अवैध विद्युत चोरी की रोकथाम हेतु सुरक्षा बैठक एवं जागरूकता अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आवासीय परिसर से सटे इलाकों में निरंतर अवैध विद्युत कनैक्शन की समस्या के निवारण हेतु श्री बिजोय कुमार सिकदर, मानव संसाधन प्रमुख की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की



गयी। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में पुलिस, स्थानीय पत्रकार, यूनियन एवं असोशिएशन, विधयुत विभाग एवं अन्य प्रबुध जनों की अगुवाई में आवासीय परिसर में अवैध विद्युत चोरी की रोकथाम हेतुजागरूकता रैली भी आयोजित की गयी एवं लोगों से आह्वान किया गया कि वे अवैध विद्युत चोरी रोकने में सरकार का सहयोग करें । यह भी बताया गया कि अवैध विद्युत कनैक्शन सुरक्षा की दृष्टि से जानलेवा एवं खतरनाक है। जागरूकता रैली में पुनः अपील की गई कि दोषी लोग स्वतः अवैध कनैक्शन हटा ले अन्यथा उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत चोरी की रोकथाम एवं सरकारी संसाधन की रक्षा हेतु निरंतर प्रतिबद्ध हैं। पूर्व में भी एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर के आवासीय परिसर से सटे इलाकों में निरंतर अवैध विद्युत कनैक्शन की शिकायत प्राप्त हो रही थी एवं अवैध विद्युत कनैक्शन से जान-माल का खतरा एवं सरकारी संसाधन की क्षति हो रही थी। इस संबंध में पूर्व में भी चेतावनी दी गयी थी एवं अवैध विद्युत कनैक्शन को काटा गया था क्योंकि अवैध बिजली कनैक्शन से विद्युत का लोड बढ़ रहा था एवं बार बार ट्रांसफार्मर खराब होने की भी शिकायत प्राप्त हो रही थी। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही हैं, जिसके तहत अवैध तरीके से जोड़े गए विद्युत कनैक्शन को काटा जा रहा है एवं इस संबंध में लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

# पाकिस्तान को उनके घर पर क्लीन स्वीप करने वाली पहली टीम बनी इंग्लैंड



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 17 साल बाद पाकिस्तान की धरती पर टेस्ट सीरीज खेल रही इंग्लैंड टीम ने कराची टेस्ट मैच 8 विकेट से जीत लिया है। इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 167 रन का लक्ष्य था, जो उसने खेल के चौथे दिन पहले सेशन में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इंग्लैंज की तरफ से बेन डकेट 78 गेंद पर 82 और बेन स्टोक्स ने 43 गेंद पर 35 रन की नाबाद पारी खेली इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। इंग्लैंड की टीम इस 3 मैच की सीरीज में पहले ही 2-0 से आगे थी। यह पहला मौका है, जब पाकिस्तान को अपने घर पर क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच 74 रन से जबकि दूसरा टेस्ट मैच 26 रन के अंतर से जीता था। इसके साथ ही पाकिस्तान की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पहुंचने की उम्मीद पूरी तरह से खत्म हो गई है।

# नए कप्तान और कोच के साथ भारत के दौरे पर आएगी न्यूजीलैंड टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड टीम अगले महीने भारत के दौरे पर होगी। इससे पहले एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है। दरअसल टीम के कप्तान केन विलियमसम और हेड कोच गैरी स्टीड इस दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते यह फैसला लिया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पाकिस्तान के खिलाफ 10 जनवरी से और भारत के खिलाफ 18 जनवरी से शुरू हो रहे दौरे के लिए अलग-अलग वनडे टीम का एलान किया है। हाल ही में टेस्ट टीम की कमान संभालने वाले टिम साउथी भी भारत दौरे पर नहीं होंगे। वह पाकिस्तान टूर के बाद स्वदेश लौट जाएंगे और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज की तैयारियों में लग जाएंगे केन विलियमसन और गैरी स्टीड की अनुपस्थिति में टॉम लेथम भारत दौरे पर टीम के कप्तान होंगे, जबकि बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी ल्यूक रौंची के पास होगी। रौंची भारत में टी20 श्रृंखला के लिए भी मुख्य कोच के रूप में काम करेंगे, जिसके लिए टीम की घोषणा 9 जनवरी को की जाएगी। न्यूजीलैंड की पूर्व महिला कोच बॉब कार्टर और पूर्व स्पिनर पॉल वाइजमेन उनकी मदद करेंगे।



# इशान किशन ने धौनी के कारण फैंस को ऑटोग्राफ देने से किया मना, बोले- मैं ये नहीं कर सकता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 131 गेंद पर 210 रन की विस्फोटक पारी खेल कर पूरी दुनिया को मुरीद बनाने वाले इशान किशन इन दिनों फिर लेकिन जब कारण पता चलेगा तो यकीनन आप इशान की तारीफ करेंगे दरअसल फैंस ने जिस फोन पर इशान का ऑटोग्राफ मांगा उस पर पहले से ही एमएस धौनी का ऑटोग्राफ मौजूद था, इसलिए इशान ने कहा कि वह, माही भाई के सिग्नेचर के ऊपर अपना ऑटोग्राफ नहीं दे सकते हैं। अंत में उन्होंने उसके नीचे अपना ऑटोग्राफ दिया इशान, हाल ही में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले



से चर्चा में हैं। दरअसल इस बार वह अपने खेल के कारण नहीं बल्कि फैंस के साथ उनके व्यवहार के कारण सुर्खियों में हैं। दरअसल रांची में रणजी खेल रहे इशान उस वक्त दुविधा की स्थिति में पड़ गए जब एक फैंस उनसे ऑटोग्राफ लेने पहुंचे। इशान ने उस फैंस को ऑटोग्राफ देने से मना कर दिया। आपको इशान के इस व्यवहार से जरूर उन पर गुस्सा आ रहा होगा, इशान ने उसके ऊपर ऑटोग्राफ देने से मना कर दिया यह सारी घटना पत्रकार विमल कुमार के यूट्यूब चैनल के वीडियो में रिकॉर्ड हो गई। इशान ने इस दौरान कहा इसमें माही भाई का सिग्नेचर है और वह उसके ऊपर मेरा सिग्नेचर चाह रहा है। यह मैं नहीं कर सकता। एक काम करो फोन के अलावा किसी और चीज पर ऑटोग्राफ ले लो। फैंस जिद पर अड़ा रहा, लेकिन खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल को इस मामले में पीछे छोड़ा है। किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 131 गेंद पर 210 रन की पारी खेली थी और विराट कोहली के साथ मिलकर 290 रन की साझेदारी भी की थी। इशान का यह फॉर्म रणजी में भी जारी रहा, जब उन्होंने केरल के खिलाफ मैच में शानदार शतक लगाया।

# इंग्लैंड के युवा गेंदबाज रहमान अहमद ने डेब्यू मैच में ही तोड़ दिया पैट कमिंस का रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ कराची टेस्ट में डेब्यू करने वाले रेहान अहमद ने अपने पहले ही मैच में कमाल कर दिया है। लेग स्पिनर रेहान ने पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू मैच में पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिया है 18 साल और 126 दिनों की उम्र में, रेहान टेस्ट इतिहास में डेब्यू पर पांच विकेट लेने वाले साझेदारी कर रहे थे, जब रेहान ने बाबर को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। 6 ओवर के भीतर उन्होंने बाबर, मोहम्मद रिजवान और सउद शकील का विकेट लेकर इंग्लैंड टीम की स्थिति मजबूत कर दी।इन तीन विकेट के अलावा रेहान ने मोहम्मद वसीम और आगा सलमान का विकेट हासिल किया। उनकी इसी



सबसे कम उम्र के गेंदबाज बन गए। लेग स्पिनर ने पैट कमिंस के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जब उन्होंने कराची टेस्ट के तीसरे दिन अपना पांचवां विकेट लिया। बाबर आज़म और सऊद शकील पाकिस्तान के लिए एक अच्छी साझेदारी कर रहे थे, जब रेहान ने आजम, मोहम्मद रिजवान और शकील के विकेटों के साथ छह ओवरों में इंग्लैंड की तरफ मजबूती से बढ़त बना ली बाबर आजम और सउद शकील चौथे विकेट के लिए अच्छी शानदार गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान की टीम केवल 216 रन बनाकर आउट हो गई और इंग्लैंड को 167 रन का छोटा सा लक्ष्य मिला। मैच की बात करें को 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 17 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 112 रन बना लिए हैं। सीरीज में पहले ही 2-0 की बढ़त ले चुकी इंग्लैंड टीम को क्लीन स्वीप करने के लिए अब केवल 55 रन की दरकार है।

# पाकिस्तान के पूर्व कप्तान का दावा, बाबर ने पीसीबी के खिलाफ विरोध जताने के लिए नहीं की थी फील्डिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि है पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ रमीज राजा को इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करना चाहिए।एक शो के दौरान लतीफ ने कहा कि सवाल से न हो। रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया है कि ये घटना टेस्ट मैच के दूसरे दिन की पूर्व संध्या की है जब बाबर और टीम के बाकी खिलाड़ी एक रेस्टोरेंट की तरफ जा रहे थे जब एक सिक्योरिटी गार्ड ने



कप्तान बाबर आजम ने फील्ड पर जाने से मना कर दिया। नतीजा मैच के शुरुआती घंटे में मोहम्मद रिजवान को कप्तानी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। हालांकि, बाबर के फील्ड में न आने के पीछे कारण यह बताया गया कि उनके सिर में दर्द की शिकायत थी, लेकिन बाद में इस बारे में पता चला कि बाबर, अपने ही सुरक्षाकर्मी से हुई तकरार से नाराज थे। इस पूरे घटनाक्रम पूछा जाएगा। कारण नहीं दिया गया, किसकी गलती है। रमीज राजा को इस मुद्दे पर बात करनी चाहिए, क्योंकि बाबर टीम के कप्तान हैं। मुझे लगता है कि विरोध के तौर पर बाबर ने फील्डिंग करने से मना कर दिया था। मेरा मतलब है कि पाकिस्तान टीम के कप्तान, अपने ही बोर्ड से सुरक्षा को लेकर विरोध कर रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह फिर बाबर को रोका, जिससे वह नाराज हो गए।यदि किसी खिलाड़ी को होटल से बाहर जाना है तो उसे सिक्योरिटी को एडवांस में सूचित करना पड़ता है, लेकिन इस स्थिति में ऐसा नहीं किया गया था। यही कारण है कि सिक्योरिटी गार्ड और बाबर आजम के बीच यह तकरार सामने आई। गार्ड ने केवल बाबर को लेकर अपनी आपत्ति जताई जो उन्हें नागवार गुजरी।

# जर्सी नंबर ही नहीं ऑल टाइम ग्रेट सचिन और लियोनेल मेसी में और भी बहुत कुछ है एक सामान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लुसैल स्टेडियम में अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे लियोनेल मेसी जब फ्रांस के खिलाफ मैदान में उतरे तो अर्जेंटीना के साथ-साथ पूरा भारत उनके लिए दुआएं कर रहा था। वजह खास थी और वो थी उनमें भारत के खेल प्रेमियों को जर्सी नंबर 10, सचिन की झलक नजर आ रही थी। 2011 में अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे सचिन कमोबेश, इसी स्थिति में तो थे, जब वह अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे थे और पूरा भारत उनके वर्ल्ड कप जीतने के सपने को जी रहा था। 2011 में सचिन का वर्ल्ड कप जीतने का सपना पूरा हुआ था और अब 2022 में अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे लियोनेल मेसी का सपना पूरा हुआ और वह वर्ल्ड चैंपियन बने।सचिन और लियोनेल मेसी दोनों ही 10 नंबर की जर्सी पहनते हैं और दोनों जब तक खेले अपनी टीम के लिए सिंगल हैंडली परफॉर्मेंस करते रहे। यही कारण है कि फैंस को लियोनेल मेसी और सचिन तेंदुलकर में समानता नजर आती है। आज हम यह जानने की कोशिश करेंगे कि क्या सच में दोनों में कोई समानता है या फिर यह फैंस का अपने लीजेंड के प्रति एक भावनात्मक लगाव है। जो मुकाम सचिन तेंदुलकर क्रिकेट में रखते हैं वही मुकाम द ग्रेट लियोनेल मेसी का फुटबॉल में है और 2022 के फाइनल मैच के बाद इसे दुनिया ने भी मान लिया है। दोनों ने बेहद कम उम्र में अपने करियर का आगाज किया। सचिन ने जहां 16 साल और 125 दिन की उम्र में अपने करियर का आगाज किया वहीं मेसी का करियर




भी 18 साल की उम्र में शुरू हुआ। सचिन 2011 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच बने थे, ठीक उसी प्रकार लियोनेल मेसी भी सेमीफाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने। यहां भी एक दोनों खिलाड़ी एक दूसरे के करीब हैं। सचिन जहां 2011 वर्ल्ड कप जीतने से पहले 2003 वर्ल्ड कप के फाइनल में हारे थे ठीक वैसे ही लियोनेल मेसी को भी 2014 वर्ल्ड कप में जर्मनी के खिलाफ हार मिली थी। दोनों खिलाड़ियों को अपना पहला वर्ल्ड कप खिताब जीतने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। सचिन जहां 22 साल बाद अपने आखिरी वर्ल्ड कप में वर्ल्ड चैंपियन बने तो वहीं मेसी को इस ट्रॉफी को उठाने में 18 साल लग गए और उन्हें भी यह सफलता आखिरी वर्ल्ड कप में मिली थी। सचिन ने 6 वर्ल्ड कप खेले थे जबकि मेसी का यह 5वां वर्ल्ड कप था। फीफा वर्ल्ड कप फाइनल मुकाबले से पहले सचिन भी इस संयोग के बारे में जान रहे थे। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर भी इसको शेयर किया था और जब अर्जेंटीना चैंपियन बनी तो पूरी टीम को बधाई देते हुए उन्होंने लिखा कि मेसी के लिए यह करने के लिए सबका शुक्रिया। उन्होंने एक और ट्वीट किया जिसमें ट्रॉफी के साथ मेसी की तस्वीर थी और उन्होंने इस चैंपियन खिलाड़ी को बधाई दी थी।



# राशिफल



**मेष-:**तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:**जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:**क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:**आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:**आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फ़ैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:**प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:**इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:**लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:**भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:**आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# टीम इंडिया को लगा झटका, दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं रोहित शर्मा- रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**चोट के कारण पहले टेस्ट न खेल पाने वाले रोहित शर्मा को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आ रही थी। कहा जा रहा था कि दूसरे टेस्ट मैच में रोहित शर्मा वापसी कर सकते हैं लेकिन क्रिकबज के अनुसार रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट मैच से भी बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित पूरी तरह से इस इंजरी से उबर नहीं पाए हैं और श्रीलंका के खिलाफ आगामी सीरीज को देखते हुए बीसीसीआइ कोई रिस्क लेना नहीं चाहती है। हालांकि, बीसीसीआइ की तरफ से कहा गया था कि दूसरे टेस्ट में उनकी उपलब्धता को लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है, लेकिन अब क्रिकबज के अनुसार रोहित दूसरे टेस्ट में भी उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआइ उनके चोट को लेकर रिस्क नहीं लेना चाहती है, क्योंकि मेडिकल टीम और टीम प्रबंधन को लगता है कि अगर उन्हें दोबारा उस अंगूठे में चोट लगी तो समस्या गंभीर हो सकती है। रोहित शर्मा दूसरे वनडे मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें अंगूठे में चोट लगी थी, चोट इतनी गहरी थी कि उन्हें फौरन मैदान छोड़ कर अस्पताल जाना पड़ा था। बाद में निर्णय लिया गया कि वह अपने ईलाज के लिए मुंबई लौट जाएंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप 2022 जीतने के बाद कप्तान अजय कुमार रेड्डी बोले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम नेत्रहीन टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम पहुंची। भारतीय टीम ने अजय कुमार रेड्डी टीम के कप्तान अजय कुमार रेड्डी ने कहा कि इस खिताब को जीतने के बाद हमें जो खुशी मिली है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है, हम सिर्फ इसे महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को



की कप्तानी में पहली बार जबकि ओवरआल तीसरी बार टी20 विश्व कप खिताब अपने नाम किया। इस खिताब को जीतने के बाद भारतीय टीम जोश से भरी हुई और बेहद उत्साहित नजर आ रही थी साथ ही इस टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर नजर आ रहा था हम सब कुछ हासिल करने का दम रखते हैंः अजय कुमार रेड्डी संवाददाता संजय सावर्ण से बातचीत करते हुए दिखाना चाहते हैं कि हम भारतीय क्या कुछ नहीं कर सकते हैं। हम सब कुछ हासिल करने का दम रखते हैं और भारत का नाम दुनिया में रोशन कर सकते हैं। यह भारत का तीसरा टी20 वर्ल्ड कप है और हमें इस पर गर्व है।फाइनल में बांग्लादेश को हराने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम इस खिताब को जीतने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और इसके लिए हमने काफी लंबा सफर तय किया। अजय कुमार रेड्डी ने कहा कि मैं अपने बारे में बात करूं तो मैं डिप्रेशन में रहा, इंजरी हुई, लेकिन इन सबसे ऊपर उठकर कड़ी मेहनत शुरू की। इस खिताब के लिए मैंने पूरी जान लगा दी और हम सफल रहे। उन्होंने कहा कि जब तक नेत्रहीन क्रिकेट दुनिया में है भारत को नंबर एक रहना चाहिए। टीम के कोच आसिफ बासा एस ने कहा कि मेरे लिए यही सबसे बड़ी चुनौती थी कि हम टी20 वर्ल्ड कप खिताब को बचाए रखें। इसके लिए हमारे खिलाड़ियों ने कड़ी प्रैक्टिस की साथ ही हमने सबकी फिटनेस पर भी खूब ध्यान दिया। हमने खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी व फील्डिंग हर दिशा में जमकर मेहनत की। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा ध्यान इस तरफ था कि हमें अपनी ट्राफी नहीं गंवानी है और सौ फीसदी मैदान पर देना है। हमने अपनी सारी परेशानियों को पीछे छोड़ते हुए हर वो काम किया जिसने हमें विजेता बनाने में मदद की। उन्होंने कहा कि इस साल वर्ल्ड कप जीतना हमारे लिए सबसे बड़ा पल रहा। इस टीम को दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहन जेटली ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## सम्पादकीय

# कश्मीर में सतर्कता बरतने का समय, सामान्य स्थिति बनाने के लिए बड़ी कार्रवाई आवश्यक

दुर्दांत आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कुख्यात मुखौटे 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज के तहत कश्मीर में कार्यरत 56 कश्मीरी अल्पसंख्यकों (गैर-मुस्लिमों) की सूची जारी करते हुए उन्हें धमकी दी थी। हाल में उसने फिर से ऐसे ही दस और लोगों की सूची जारी की है। टीआरएफ द्वारा जारी सूची में कश्मीरी अल्पसंख्यकों के नाम के साथ-साथ उनके नए और पुराने कार्यस्थलों का पूरा विवरण है। देखा जाए तो यह सूची जम्मू-कश्मीर में हालात को सामान्य बनाने की केंद्र सरकार की कोशिशों को नाकाम करने की साजिश है। अगर कश्मीरी विस्थापित और प्रवासी घाटी से भाग खड़े होते हैं तो आतंकियों और उनके आकाओं के मंसूबे पूरे हो जाएंगे। लिहाजा टीआरएफ की इस धमकी का संज्ञान लेने की आवश्यकता है। कश्मीर के हालात को सामान्य बनाने के लिए केंद्र सरकार, उपराज्यपाल शासन और तमाम सुरक्षा एजेंसियां जुटी हुई हैं, लेकिन जिस प्रकार से यह सूची जारी हुई है और उसमें जिस प्रकार की गोपनीय सूचनाएं हैं, वे चौंकाने वाली हैं। इससे फिर स्पष्ट हो गया है कि आतंकियों के समर्थकों की शासन-प्रशासन में गहरी पैठ है। यही लोग कानून पारित होने के बावजूद अन्य प्रदेशवासियों को अभी भी राज्य में संपत्ति नहीं खरीदने दे रहे। उन्हें चिह्नित करने और दंडित किए जाने का जो काम किया गया, वह नाकाफी है। इस काम को और तत्परता से करना होगा। अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त हुए तीन वर्ष से अधिक समय बीत गया है। इस दौरान केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में जमीनी बदलाव के लिए अनेक काम किए हैं। उनका सकारात्मक परिणाम भी दिख रहा है। फिर भी, स्थिति को सामान्य बनाने के लिए बड़ी कार्रवाई आवश्यक है। सिर्फ कश्मीरी विस्थापितों को घाटी में नौकरी देना या उनकी घर वापसी कराना काफी नहीं है। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की तर्ज पर जम्मू-कश्मीर विकास प्राधिकरण का गठन करके कश्मीर के प्रत्येक जिले में सुविधासंपन्न बड़े-बड़े रिहायशी और व्यावसायिक परिसर बनाए जाने चाहिए। इन परिसरों में न सिर्फ कश्मीरी विस्थापितों को भूखंड दिए जाएं, बल्कि सेना और अर्धसैनिक बलों के पूर्व कर्मियों को भी रियायती दर पर भूखंड दिए जाने चाहिए। इसी प्रकार कश्मीर में छोटे-बड़े उद्योग स्थापित करने और अपना रोजगार शुरू करने वालों को रियायती ब्याज पर ऋण और सब्सिडी दी जानी चाहिए। उन्हें काम-धंधे या व्यवसाय के मुफ्त बीमा के अलावा जीवन बीमा की सुविधा भी मिले। सुगम लाइसेंस और सस्ते दाम पर शस्त्र उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इससे इन परिसरों में बसने वाले लोग अपनी सुरक्षा के लिए सिर्फ सुरक्षा बलों पर ही निर्भर नहीं रहेंगे। पिछली सदी के आखिरी दशक में लालकृष्ण आडवाणी के प्रयासों से प्रत्येक गांव के स्थानीय नागरिक समाज को जोड़कर विलेज डिफेंस कमेटियों (वीडीसी) का गठन किया गया था। कश्मीर संभाग में इन कमेटियों के पुनर्गठन की आवश्यकता है। इन्हें साधनों, संसाधनों और सुविधाओं से भी लैस किया जाना चाहिए। ये कमेटियां आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम होंगी और विश्वास बहाली का आधार बनेंगी। सीमापार से घुसपैठ को तो भारतीय सुरक्षा बलों की मुस्तैदी ने काफी कम कर दिया है। सरकार ने हवाला फंडिंग की भी कमर तोड़ दी है, लेकिन हाल में एक नई समस्या उभर रही है। यह समस्या मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी है। पंजाब के रास्ते जम्मू-कश्मीर में नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। इस कारोबार के तार आतंकियों से जुड़े हैं। यह आतंकी फंडिंग और जम्मू-कश्मीर की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का नया तरीका है। समय रहते इसकी नकेल कसना भी जरूरी है अन्यथा यह असाध्य रोग बन जाएगा। इसके साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला-मुफ्ती खानदान से इतर राजनीतिक नेतृत्व खड़ा करने की भी कोशिश होनी चाहिए। ये दोनों परिवार लोगों को बरगलाने और भड़काने में माहिर हैं। अब इस परंपरागत नेतृत्व के बरक्स विकास की बात करने वाले नए नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# पितृसत्ता के खतरनाक परिणाम, सभी समुदायों में मौजूद है जहरीली मर्दानगी

प्रेमिकाओं, लिव इन में रहने वाली युवतियों और विवाहित महिलाओं की बेरहमी से हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस तरह की घटनाएं तब से कुछ ज्यादा ही चर्चा में हैं, जबसे आफताब अमीन पूनावाला नामक एक शख्स ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा वालकर की हत्या करने के बाद उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए। आफताब और श्रद्धा दोनों मुंबई छोड़कर दिल्ली में रह रहे थे। दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। वे एक-दूसरे पर किसी और से संबंध रखने का आरोप लगाते थे। कहा जा रहा है कि आफताब का दूसरी लड़कियों के साथ यौन संबंध था। श्रद्धा आफताब पर शादी के लिए दबाव बनाती थी। आफताब ने पुलिस को बताया कि वह इस दबाव को सहन नहीं कर सका। एक दिन उसका गुस्सा इस कदर बढ़ गया कि उसने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी। क्राइम शो देखने के आदी आफताब ने यह भी कहा कि उसने क्राइम सीरीज 'डेक्स्टर' देखकर सीखा कि कैसे हत्या करके सबूत को मिटाना होता है। आफताब के इस क्रूर कारनामे के बारे में सुनकर देहरादून के राजेश गुलाटी की याद आ गई। अमेरिका से लौटे साफ्टवेयर इंजीनियर राजेश ने पत्नी अनुपमा की हत्या इसी तरह कर दी थी। अनुपमा के परिवार से पर्याप्त दहेज नहीं मिलने से वह नाराज था। जैसे ही मैंने इन दोनों हत्याओं के बीच समानता की ओर इशारा किया, असंख्य लोग मुझ पर टूट पड़े। उनके अनुसार मुस्लिम आफताब ने अपने धर्मग्रंथों से प्रेरित होकर एक गैर-मुस्लिम लड़की को प्रेम के जाल में फंसाया और फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। दूसरी ओर अधिकांश मुसलमान आफताब को मुसलमान के रूप में स्वीकार नहीं करना चाहते, क्योंकि वह शराब पीता था, गैर-मुस्लिम लड़कियों के साथ यौन संबंध बनाता था, समान-सेक्स संबंधों का समर्थन करता था और नमाज नहीं पढ़ता था। आमतौर पर कट्टर हिंदुत्ववादी मुस्लिम युवकों पर लव जिहाद का आरोप लगाते हैं। उनका आरोप है,'मुस्लिम युवक गैर-मुस्लिम लड़कियों के साथ रोमांस करते हैं और उनका मतांतरण कराकर उनसे शादी कर लेते हैं। यह वास्तव में मतांतरण का जिहाद है।जब भी किसी सामाजिक समस्या को राजनीति का औजार बना दिया जाता है, तो बहुत से अप्रिय सत्य को जल्दबाजी में कालीन के नीचे दबा दिया जाता है। अभी चंद दिन पहले मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक होटल में अभिजीत पाटीदार नाम के एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को उसके व्यापारिक मित्र के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी। पिछले महीने दिल्ली के एक शिक्षक संजय पंडिता ने नौ साल की बेटी के सामने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। आम तौर पर अपराधी साक्ष्य नष्ट करने के लिए शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देते हैं। कई अपराधी भाग जाते हैं और खुद को अनजान जगहों पर छिपा लेते हैं।हत्या एक बड़ा अपराध है। हत्या करके लाश के टुकड़े करने वाले भी कम नहीं हैं। अभी पिछले महीने ही केरल में आयुर्वेद के मसाज कारोबारी ने अपने कारोबार को बढ़ावा देने के लिए दो महिलाओं पद्मा और रोजलीन की बलि दे दी थी। पद्मा के 56 टुकड़े किए गए थे। कुछ साल पहले एक फ्रांसीसी नागरिक मधुबंती पाठक को उसके पति गिरीश ने टुकड़े-टुकड़े कर फ्रीजर में रख दिया था। मधुबंती मुंबई से फ्रांस वापस जाना चाहती थी, इसलिए गिरीश ने उसकी हत्या कर दी। कुछ साल पहले भुवनेश्वर में कर्नल सोमनाथ परिदा ने पत्नी का गला काटकर मार डाला था। इसके बाद उसके शव के टुकड़े कर फेंक दिए। इस हत्या का कारण यह था कि सोमनाथ की एक लड़की की दोस्ती पर उसकी पत्नी ने आपत्ति जताई थी। पूरे देश में नारी उत्पीड़न, दुष्कर्म,हत्या का सिलसिला चल रहा है। हत्या करने के बाद शव के टुकड़े-टुकड़े करके सूटकेस, ट्रंक, प्लास्टिक की थैली में भरकर कचरे में डालना, जंगल, मैनहोल या नदी में फेंकना कोई नई बात नहीं है। इस समस्या की जड़ हिंदू-मुस्लिम नहीं है, बल्कि नारी द्वेष, जहरीली मर्दानगी और पितृसत्तात्मक समाज है। जहरीली मर्दानगी सभी समुदायों में मौजूद है। नारी हत्याएं सभी देशों, सभी धर्मों, समाजों, जातियों, वर्गों में हो रही हैं। केवल अविकसित देशों में ही नहीं, बल्कि कथित विकसित देशों पर भी नजर डालें तो हम नारी-हत्या के तमाम मामले देखते हैं। अभी पिछले महीने बोस्टन शहर में एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसके टुकड़े कर पार्क में फेंक दिए। लगता है महिलाओं से दुष्कर्म और उनकी हत्या करना कोई मुश्किल काम नहीं है। पितृसत्तात्मक समाज में पुरुष इस काम को लंबे समय से करते आ रहे हैं। घर में महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा दुर्व्यवहार अक्सर परिवार के करीबी सदस्यों द्वारा किया जाता है। स्त्री का गला घोंटने के लिए पति या प्रेमी का हाथ सबसे अधिक तैयार रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक सर्वेक्षण के अनुसार दुनियाभर में हर तीन में से एक लड़की अपने जीवन में कभी न कभी शारीरिक या यौन शोषण का शिकार होती है। एक अप्रिय तथ्य यह भी है कि लड़कियों को उनके जीवन में सबसे ज्यादा दुर्व्यवहार का सामना उनके करीबी दोस्तों यानी पति या प्रेमी की ओर से करना पड़ता है। दुनिया की 15 से 49 वर्ष की लड़कियों में से एक तिहाई यानी सौ में 27 करीबी लोगों द्वारा शारीरिक या यौन शोषण का शिकार हुई हैं। लड़कियां जिस घर को सबसे ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं, प्रायः वहीं उनके साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार होता है। संयुक्त राष्ट्र के एक शोध के अनुसार 2020 में पूरे विश्व में 81 हजार लड़कियों की हत्याएं हुईं थीं। इन 81 हजार में से 47 हजार लड़कियों को पतियों/प्रेमियों ने मारा। यानी हर 11 मिनट में एक लड़की की हत्या की गई। यह सोचकर दुख होता है कि लड़कियों के लिए घर सबसे असुरक्षित जगह बनता जा रहा है। लड़कियों को क्यों मारा जाता है, इसका कारण है, लैंगिक भेदभाव और महिलाओं को तुच्छ समझने की मानसिकता। जब तक पितृसत्ता को खत्म नहीं किया जाता, तब तक महिलाओं के प्रति द्वेष समाप्त नहीं होगा और उनके साथ दुष्कर्म होता रहेगा और वे हिंसा, हत्या का सामना करती रहेंगी। समाज से असभ्यता, नृशंसता और बर्बरता खुद से नहीं टूटेगी। इसका अस्तित्व अपने आप नहीं मिटेगा। लैंगिक असमानता को मिटाना और समाज को सभ्य बनाना सभी पुरुषों एवं महिलाओं की जिम्मेदारी है। लोग ही भेदभाव पैदा करते हैं और लोग ही इसे खत्म कर सकते हैं।



# भाषाई मर्यादा का बढ़ता उल्लंघन, सार्वजनिक बहस में अपशब्दों की क्या है अनिवार्यता

सतत संवाद लोकतंत्र का प्राण है। संवादरत समाज गतिशील होते हैं। संवाद से सामाजिक परिवर्तन होते हैं। संवाद का मुख्य उपकरण भाषा है। प्रख्यात भाषाविद मोलनीविसी ने 1923 में कहा था कि 'भाषा सामाजिक संगठन का काम करती है।' दुनिया के सभी समाज भाषा के सदुपयोग द्वारा ही गढ़े गए हैं। ज्ञान, विज्ञान, इतिहास और दर्शन भाषा के कारण सार्वजनिक संपदा बनते हैं। इसके लिए सार्वजनिक बहसों की गुणवत्ता जरूरी होती है, लेकिन भारतीय राजनीति में सार्वजनिक बहस का स्तर लगातार गिर रहा है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने भी इसके गिरते स्तर पर बेबाक टिप्पणी की है। न्यायालय ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, 'यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे तो आपको अंजाम भुगतने होंगे। सिसोदिया ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा और उनकी पत्नी पर पीपीई किट की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। झूठे आरोपों से आहत सरमा ने मानहानि का मुकदमा किया। सिसोदिया प्राथमिकी खारिज कराने के लिए पहले हाई कोर्ट गए। फिर सर्वोच्च न्यायालय, जहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। सार्वजनिक विमर्श में वाक् संयम मर्यादा के हनन से जुड़े ऐसे तमाम उदाहरण हैं। कांग्रेस नेता राजा पटेरिया द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की अपील से देश स्तब्ध है। हालांकि बाद में उन्होंने बयान पर सफाई दी, मगर उनका मूल वक्तव्य भयावह है। उच्चस्तरीय सार्वजनिक बहसें आदर्श लोकमत बनाती हैं। प्रत्येक दल, समूह, नेता या सामाजिक कार्यकर्ता के अपने विचार होते हैं, जिनके पक्ष में लोकमत बनाना सबका अधिकार है। संविधान निर्माताओं ने इसीलिए विचार-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार बनाया, किंतु भारत की संप्रभुता, अखंडता और लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर मर्यादा और संयम के बंधन भी लगाए। संप्रति सार्वजनिक बहसों के गिरते स्तर से राजनीतिक दलों के बीच घृणा बढ़ रही है। इलेक्ट्रानिक चैनलों पर होने वाली बहसों में प्रतिभागियों के बीच परस्पर अपशब्द आम हो गए हैं। दलतंत्र के प्रति जनतंत्र का सम्मान घटा है।



# महंगाई को नियंत्रित रखने की चुनौती, कठोरता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति मजबूत

मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए हाल में आरबीआइ को आशानुरूप रेपो रेट में 35 आधार अंकों की वृद्धि करनी पड़ी। कोरोना के बाद की परिस्थितियों से निपटने के लिए अब तक पांचवीं बार रेपो रेट में वृद्धि की गई है। अप्रैल 2022 में यह चार प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो गया है। रिजर्व बैंक के प्रयासों का ही परिणाम है कि महंगाई की दर नवंबर में घटकर दस माह के निचले स्तर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि अक्टूबर में यह 6.77 प्रतिशत थी। आरबीआइ की तरफ से महंगाई की अधिकतम सीमा छह प्रतिशत तय की गई है। महंगाई पर नियंत्रण इसलिए भी आवश्यक है कि मुद्रास्फीति की दर ब्याज दर से अधिक होने से वास्तविक ब्याज दरें ऋणात्मक होने लगती हैं जिससे मुद्रा की क्रय शक्ति भी कम होने लगती है। महंगाई को कम करने का आरबीआइ के पास सबसे बड़ा हथियार रेपो रेट ही है। रेपो रेट के बढ़ने का अपना ही अर्थशास्त्र होता है। इसके बढ़ने से ब्याज दरों में वृद्धि होने लगती है। होम लोन एवं वाहन लोन की दरें बढ़ जाती हैं। इससे एक तरफ बचतों को प्रोत्साहन मिलता है तो दूसरी ओर बैंक से ऋण लेने वाले हतोत्साहित होते हैं। निवेश में कमी आने से समग्र मांग एवं जीडीपी पर इसका असर दिखाई देने लगता है। यही कारण है कि आरबीआइ ने रेपो रेट को बढ़ाने के साथ ही विकास दर के अनुमान को भी घटाया है। वित्त वर्ष 2022-23 में विकास दर के अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आरबीआइ की नीतिगत कठोरता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति मजबूत बनी हुई है। दूसरी तिमाही में विकास दर के आंकड़ों से स्पष्ट है कि निजी उपभोग के बढ़ने से मांग धीमी गति से ही सही, परंतु निरंतर बढ़ रही है। सरकार का पूंजीगत व्यय इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट भी इस बात का समर्थन कर रही है कि भारत में किए जा रहे नीतिगत सुधारों और विवेकपूर्ण नियामक उपायों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक लचीला बनाया है। जाहिर है कोरोना की चुनौतियों से भारतीय अर्थव्यवस्था को बाहर निकालने में आरबीआइ की मुद्रास्फीति प्रबंधन नीति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रही हैं। अल्पकालिक और दीर्घकालिक विकास को संतुलित करने के उद्देश्य से आरबीआइ के समक्ष मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे आर्थिक विकास और रोजगार की संभावनाओं में तेजी लाई जा सके। इस संदर्भ में रेपो रेट बढ़ाकर मौद्रिक नीति के माध्यम से आर्थिक स्थिरता, वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने में आरबीआइ की भूमिका पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। वैश्विक स्तर पर बदलते अनेक ऐसे अंतरराष्ट्रीय कारण भी थे, जो आरबीआइ को रेपो रेट में वृद्धि करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। कोरोना के बाद बदलते आर्थिक परिदृश्य एवं यूक्रेन-रूस युद्ध ने दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। मुद्रास्फीति से जूझती वैश्विक अर्थव्यवस्था में अब मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए विश्व के केंद्रीय बैंक अपनी-अपनी ब्याज दरों को निरंतर बढ़ा रहे हैं। आरबीआइ निरंतर इस बात का प्रयास कर रहा है कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था पर मंदी का प्रभाव कम से कम हो एवं भारत दुनिया में सबसे तेज वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था भी बना रहे। अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर के अधिक होने के कारण वहां का फेडरल बैंक भी ब्याज की दरों में निरंतर वृद्धि कर रहा है। गत अप्रैल से अमेरिका का फेडरल बैंक इसमें 3.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर चुका है। इन स्थितियों में फेडरेल बैंक का अनुसरण करते हुए आरबीआइ को भी अपनी ब्याज दरों में वृद्धि करनी पड़ेगी। अन्यथा विदेशी ब्याज दर के बढ़ने से विदेशी निवेशक अपना पैसा भारत से निकालने लगेंगे, जिसका सीधा प्रभाव मुद्रा के मूल्य में कमी के रूप में हमारे सामने आ सकता है। इस प्रकार की स्थिति 2013 में भी उत्पन्न हुई थी, जिसे टेपर टैंट्रम का नाम दिया गया था। उस समय भी अमेरिका में ब्याज दरें अधिक हो गई थीं, तब विदेशी निवेशकों ने अपना पैसा भारत से निकाल कर अमेरिका में निवेश करना शुरू कर दिया था। आरबीआइ उस इतिहास को दोहराने से बचने का प्रयास कर रहा है। उस समय डालर के मुकाबले रुपया 15 प्रतिशत कमजोर हो गया था, जबकि जनवरी 2022 से अब तक डालर के मुकाबले रुपया केवल 9.5 प्रतिशत ही कमजोर हुआ है। इसके साथ ही अन्य विदेशी मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपया बेहतर कर रहा है। ऐसी स्थिति में भी आरबीआइ द्वारा रेपो रेट में वृद्धि करना जायज है। इससे मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने एवं वैश्विक आर्थिक स्थितियों से निपटने के लिए रुपये को स्थिर बनाने में भी मदद मिल रही है। कठोर मौद्रिक नीति के अंतर्गत रेपो रेट बढ़ाने की अपनी सीमाएं और चुनौतियां भी हैं। रेपो रेट के नकारात्मक प्रभावों के कारण आर्थिक गतिविधियां कम होने से आर्थिक विकास पर ऋणात्मक प्रभाव पड़ने लगता है, जिससे निम्न आय वर्गों के लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा एक आवश्यकता बन जाती है। ऐसे में आरबीआइ के सामने यह यक्ष प्रश्न है कि महंगाई, आर्थिक विकास और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के बीच कैसे संतुलन बनाया जाए? वर्तमान में बदलती वैश्विक परिस्थितियों में सरकार को अपनी राजकोषीय और मौद्रिक नीति की रणनीतियों को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### हवाईयन एयरलाइंस की उड़ान में मची अफरा-तफरी

**होनोलूलू।** फीनिक्स से होनोलूलू जा रही एक फ्लाइट में अफरा-तफरी मचने से करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना हुई तब विमान होनोलूलू से करीब 30 मिनट की दूरी पर था। होनोलूलू आपातकालीन चिकित्सा सेवा ने एक बयान में कहा कि 11 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है और नौ अन्य की हालत स्थिर है। उन्होंने जानकारी दी है कि फीनिक्स से हवाईयन एयरलाइंस की उड़ान में टर्बुलेंस होने के बारे में सुबह 11 बजे के बाद एक कॉल आई। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति की सूचना मिलते ही ईएमएस और अमेरिकन मेडिकल रिस्पांस टीम ने तत्काल मदद पहुंचाई। 13 यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों को आगे की चिकित्सीय देखभाल के लिए अस्पतालों में ले जाया गया। होनोलूलू इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज ने बताया कि मरीजों की चोटों में सिर पर गंभीर घाव, खरोंच और बेहोश होना शामिल है। एयरलाइन ने कहा कि विमान में 278 यात्री और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे और विमान सुबह करीब 10 बजकर 50 मिनट पर होनोलूलू में सुरक्षित उतर गया है।

## जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

**जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को मौलिक अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, प्ले-बारगेनिंग आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी



अनुपालन मे तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आज दिनांक 19.12.2022 को दोपहर 12:30 बजे से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध बंदियों के मध्य विधिक सेवा/जागरुकता उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ श्री अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर व जेल स्टाफ एवं निरुद्ध बंदीगण उपस्थित रहे।

## 15 दिसंबर से 30 जून की समयावधि तक ऋण का बकाया जमा कर विभागीय ऋण से हो मुक्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) जिला प्रबन्धक उदप्रद अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 गौतम बुद्ध नगर संजय कुमार व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, गौतम बुद्ध नगर से जिन व्यक्तियों ने निगम की विभिन्न योजनाओं यथा स्वतः रोजगार योजना, पम्पसेट योजना, स्वच्छकार विमुक्ति पुनर्वास योजना, अनुविनि तथा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी निगम की विभिन्न योजनाओं में ऋण प्राप्त किया है तथा ऋण की अदायगी निर्धारित अवधि में जमा नहीं करायी गयी है, उन्हें एक मुश्त बकाया जमा करने पर दण्ड एवं चकवृद्धि ब्याज माफ कर केवल ऋण की सीमा अवधि का साधारण ब्याज देकर ऋण चुकता करने की सुविधा पूर्व की भाँति नवीन ठएक मुश्त समाधान योजनाठ (ओ0टी0एस0) को प्रबन्ध निदेशक, अनुगम लखनऊ द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2022 से 30 जून 2023 तक विस्तारित किया गया है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह शासन द्वारा जारी की गयी एक मुश्त समाधान योजनाठ (ओ0टी0एस0) का लाभ अधिक से अधिक उठायें एवं इस योजना की समयावधि में बकाया जमा कर ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त कर विभागीय ऋण से मुक्त हो एवं धनराशि जमा कराकर वांछित प्रमाण-पत्र कार्यालय से प्राप्त करे।

## शोभना सम्मान-2022 का हुआ सफल आयोजन

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान,उपन्यास जैसे थे' का हुआ भव्य विमोचन**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** रविवार को दिल्ली के गांधी पीस फाउंडेशन सभागार में शोभना वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से शोभना सम्मान 2022 समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवालों को शोभना सम्मान से विभूषित किया गया। इस समारोह में सुप्रसिद्ध युवा व्यंग्यकार सुमित प्रताप सिंह की आठवीं पुस्तक व पहले हास्य व्यंग्य उपन्यास 'जैसे थे' के द्वितीय संस्करण का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकांत सक्सेना ने की तथा मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखक एवं शिक्षाविद वीरेंद्र दुबे रहे। समारोह के विशिष्ट अतिथि की भूमिका सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार डॉ. अनीता यादव एवं सुयश कुमार द्विवेदी की रही। कार्यक्रम का संयोजन सुरेश सिंह तोमर व शोभना वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा शोभना तोमर ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुमित प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण से हुआ। इसके पश्चात् मां सरस्वती की वंदना का गायन हुआ। इसके उपरांत कार्यक्रम के अतिथियों एवं अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। तदुपरांत सुप्रसिद्ध साहित्यकार सुमित प्रताप सिंह के बहुचर्चित उपन्यास 'जैसे थे' के द्वितीय संस्करण का मंचाधिशीन विद्वजनों द्वारा लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात् विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश भर से आयीं विभूतियों को शोभना सम्मान से विभूषित किया गया। लेखन की श्रेणी में भोपाल (म.प्र.) की रुपाली सक्सेना, दिल्ली के राजा मंसूरी, राजीव तनेजा एवं अमित श्रीवास्तव, पुलिस सेवा की श्रेणी में दिल्ली के इंस्पेक्टर लोकेश यादव व इंस्पेक्टर दीपक पवार एवं देहरादून (उत्तराखंड) के इंस्पेक्टर सुरेंद्र शर्मा को शोभना सम्मान 2022 से विभूषित किया गया। प्रतापगढ़ (उ.प्र.) के अभिमन्यु पाण्डेय को पत्रकारिता की श्रेणी में इस सम्मान से नवाजा गया। अभिमन्यु पाण्डेय देश के फिलहाल दैनिक भास्कर के उत्तराखंड संस्करण के लिए दिल्ली ब्यूरो हेड के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दैनिक भास्कर की निष्पक्ष पत्रकारिता को खूब सराहा गया। दिल्ली के संजीव शर्मा एवं शालिनी शर्मा को संयुक्त रूप से विधि सेवा की श्रेणी में, दिल्ली के मनोज कलोसिया को बॉक्सिंग कोचिंग की श्रेणी में, आगरा (उ.प्र.) के अभय प्रताप सिंह को बॉक्सिंग के क्षेत्र में, दिल्ली के रवि कुमार को निर्देशन की श्रेणी में , दुष्यंत सिंह शिशोदिया को निशानेबाजी के क्षेत्र में , इटावा (उ.प्र.) मयंक सिंह भदौरिया एवं दिल्ली के रशीद अहमद को समाजसेवा की श्रेणी में, मैनपुरी(उ.प्र.) डॉ. अलोक सक्सेना को व्यंग्य की श्रेणी में तथा इटावा (उ.प्र.) के अनुज कुमार को अनूठी कला की श्रेणी में शोभना सम्मान से विभूषित किया गया।



## बलिदान दिवस पर सपा ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** समाजवादी पार्टी नोएडा ग्रामीण द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की पुण्यतिथि सेक्टर 102 स्थित भंगेल सपा कार्यालय में मनाई गई। सपा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे एवं व्यापार सभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोयल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर बोलते हुए सपा नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि अमर शहीदों के बलिदान को शहादत दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज के ही दिन 19 दिसंबर 1927 को काकोरी कांड के लिए तीनो क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई थी। उत्तरप्रदेश में जन्में आजादी के मतवालों ने देश की खातिर हँसते हँसते फांसी का फंदा चूम लिया। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे उन्होंने ग्यारह पुस्तकें भी लिखी थीं। देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की कुर्बानी को युगों युगों तक याद किया जाएगा। बलिदान दिवस पर अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस अवसर पर सपा के निवर्तमान व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र गौतम, सौरभ जिंदल, विनोद राज सिंह, राजीव गुप्ता , मोहित अस्तौली, सुबोध गोयल,विशाल, शानू ,रेशम पाल, रिशु पांडे, रानी,निशा, ईशा,याचना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## बिहार गंडक नदी पर 14 करोड़ की लागत से बना पुल उद्घाटन से पहले धराशाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेगूसराय ।** बेगूसराय में 206 मीटर लंबे बने पुल के बीच का एक हिस्सा पूरी तरह टूटकर गंडक नदी में गिरा गया।निर्माण एजेंसी इसका जल्द से जल्द उद्घाटन कराकर हैंड ओवर करना चाहती थी, लेकिन उद्घाटन से पहले ही यह पुल धराशायी हो गया है. इस पुल का पूरा का पूरा हिस्सा टूटकर नदी में गिर गया है, 206 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण मुख्यमंत्री नाबार्ड योजना के तहत किया गया था, तीन दिन पहले इस पुल में दरार आने की सूचना आई थी। मैहर बरही के बीच महानदी पर बना विशाल पुल को भी गिरने की आशंका के चलते उस पर आवागमन बंद कर दिया गया है। जिसके चलते अब लोगों को करीब 50 किलोमीटर से ज्यादा लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है।




## नोएडा स्टेडियम मे महाकौथिग का हुआ भूमि पूजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** नोएडा स्टेडियम मे महाकौथिक भूमि पूजन एवं हवन विधिवत मंत्तोच्चार के साथ किया गया । गुरुकुल के 21 आचार्यों द्वारा रूद्राभिषेक कर पूजा अर्चना के साथ सम्पन हुआ। नोएडा स्टेडियम में 21 दिसम्बर से महाकौथिक कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। पूजा अर्चना के बाद सभी सदस्यों ने महासू देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य संयोजक राजेंद्र चौहान स्वर कोकिला कल्पना चौहान,संरक्षक आदित्य घिल्डियाल,अध्यक्ष सौरभ धस्माना, मीडिया प्रभारी रजनी जोशी ,कोषाध्यक्ष सुबोध थपलियाल, महासचिव,मेला वयवस्थापक विकास, तानिया आर्या,यशवंत रावत,विनोद बिष्ट,राखी धनाई,इंदिरा चौधरी,नरेंद्र सिंह बिष्ट,अनिल राणा,हरीश असवाल,बलराज नेगी, देवेन्द्र रावत, उपस्थित रहे।



## मांगी नाव न केवट आना कहइ तुम्हार मरमु मै जाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** जी टी करनाल रोड अली पुर थाना प्रचीन शिव मंदिर पर चल रही भव्य श्री राम कथा के सातवे दिन की कथा मे कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने राम केवट संवाद की मार्मिक कथा सुनाते हुए कहा कि गंगा को पार करने के लिए भगवान श्री राम लखन एवं सीता सहित गंगा के किनारे खड़े होकर केवट से पार उतारने के लिए नाव मांगी तो केवट ने कहा कि मैं आपके मर्म को जानता हूं आपके चरणों कमलों की धूल के लिए सब कहते हैं कि मनुष्य बनाने वाली कोई जडी है। जिसके छूते ही पत्थर सुन्दर स्त्री बन गयी। मेरी नाव तो लकड़ी की है।अगर मेरी नाव स्त्री बन गयी तो मै बरबाद हो जाऊंगा। मेरी जिंदगी कैसै पार होगी।मेरी रोजी रोटी छिन जाऐगी।मै तो इसी के सहारे अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ। इसके अलावा कोई दूसरा सहारा नहीं है। यदि आपको पार जाना है तो पहले अपना चरण धुलवा लीजिये फिर आपको पार उतार दूगा। **कृपा सिंधु बोले मुसकाई । सोई करू जेहि तव नाँव न जाई।। बेगि आनु जल पाय पखारू। होत बिलंबु उतारहि पारू। ।** भगवान श्री राम मुस्कुराते हुए कहते हैं कि हे केवट राज जल लाइऐ और पैर धुलकर मुझे गंगा पार करा दीजिए। **उतरि ठाड़ भये सूर सरि रेता। सीय राम गुह लखन समेता।।** निषादराज ने भगवान श्री राम को गंगा पार करा दिया। राम ने उतराई के रूप मे अंगूठी देने लगे तो केवट ने कहा कि आप हमारे घाट पर आए तो हम आपको गंगा पार करा दिया हू और जब मैं आपके घाट पर आऊ तो आप मुझे भवसागर से पार करा देना।हमारा आपका हिसाब बराबर हो जायेगा। तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर दिनेश मान, अंगद सिंह तोमर, संजय पाण्डेय, सी एल तिवारी, प्रमोद भारद्वाज, रवि राघव, रमेश चंद्र दास, रमेश वर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, संगम प्रसाद मिश्र, हरि शंकर सिंह, गोरे लाल, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रदीप यादव,राम केश,राम प्रकास सिंह, अजय सिह, शिव चौधरी, रविन्द्र कुमार, प्रमोद सिह, प्रेम नारायण सिंह, दिनेश कुमार, अमितेश सिंह, उत्तम चंद्रा ,वृज किशोर, विवेक कुमार, कुन्दन सिंह, प्रान्जल शुक्ल, पीयूष शुक्ल, अंशुमान मिश्र, प्रियम,देवांश सिंह, अभिशेष पाण्डेय आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।



## जी एल बजाज इन्स्टीट्यूट मे दीक्षांत समारोह का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में पीजीडीएम विभाग के तेरहवें वार्षिक दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुदुचेरी की पूर्व उप-राज्यपाल डॉ0 किरण बेदी एवं सम्मानित अतिथि के रूप भारतीय विश्वविद्यालय संघ की सेक्रेटरी जनरल डॉ0 पंकज मित्तल ने भाग लेकर कार्यक्रम को संबोधित किया।कॉलिज के वाइस चैयरमेन डॉ0 पंकज अग्रवाल ने माननीय अथितियों को सम्मानित करते हुए दिक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया। डॉ0 किरण बेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप सभी एक समान पढाई करके स्नातक हो रहे हैं लेकिन आपको अपने जीवन में अलग-अलग चुनौतियों से सामना करना है। आप सभी को एक अच्छे समाज का निर्माण करना है उसके लिये नियमित और संयमित रहना जरूरी है। आपके अंदर देश, समाज और परिवार के लिये सेवा भाव होना चाहिये। डॉ0 पंकज मित्तल ने एआईयू की कार्य प्रणाली और एनईपी पर चर्चा की। डॉ0 पंकज अग्रवाल ने अपने संबोधन में सभी उत्रीण छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और अपने छात्रों को शैक्षिक विकास के साथ साथ सामाजिक एवं व्यावहारिक विकास प्रदान करने के लिये प्रतिबध हैं।कॉलिज की निदेशक डॉ0 सपना राकेश ने कॉलिज की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट और कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। स्नातक समारोह के दौरान डिप्लोमा सत्र 2020-22 के कुल 145 छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। मानवी गुप्ता को स्वर्ण पदक, साक्षी गम्भीर को रजत, साकेत कुमार को कांस्य पदक और क्रमसः 15000, 10000, 5000 रूपये पुरस्कार राशी के रूप में देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलिज के सभी छात्र और अध्यापक मौजूद रहे।




## क्रिसमस डे पर परफेक्ट क्यू संस्था स्कूल के बच्चों को गिफ्ट देगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** समरवैली पब्लिक स्कूल प्रीत विहार छपरौला मे क्रिसमस डे पर परफेक्ट क्यू संस्था द्वारा बच्चों को गिफ्ट दिया जाएगा। और विभिन्न प्रकार के गेमों का आयोजन किया गया है। क्रिसमस डे 24 दिसम्बर को परफेक्ट क्यू संस्था एक कार्यक्रम समरवैली पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए आयोजित कर रहीं। जिसमे बच्चों को पुरस्कार दिए जाऐगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका एवं संस्था की अध्यक्ष श्रीमती संगीता कावरा रहेगी। क्रिसमस डे के कार्यक्रम की संयोजिका समाज सेविका श्रीमती साधना त्रिपाठी के नेतृत्व में हो रहा है। श्रीमती साधना त्रिपाठी ने हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल को बताया कि हमारी संस्था परफेक्ट क्यू बच्चों का उत्साह वर्धन के लिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराती रहती हैं। हम लोग समाज के लिए सामाजिक कार्यक्रम करते रहते है।



## मानवाधिकार सुरक्षा संघ द्वारा सम्मान समारोह और नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाने का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** प्रेस क्लब सेक्टर 29 में एक प्रेसवार्ता आयोजित किया गया जिस के मुख्य अतिथि पीस एम्बेसडर यूनाइटेड नेशन के नजीब जी एवं हमारे राष्ट्रीय संरक्षक डीजी उत्तर प्रदेश सूर्य कुमार शुक्ला डॉक्टर समीम खान फिल्म प्रोड्यूसर एंड डायरेक्टर एवं संगठन के विशेष सम्मानित उपस्थित रहे इस सम्मान समारोह में डॉ अरविंद सिंह राठौर को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने के शुभ अवसर पर अपने वक्तव्य मी डॉक्टर अरविंद ने कहा कि मैं पूज्य गुरु जी के विचारों व संगठन के क्रियाकलापों को देखकर अपने आपको संगठन में जुड़ने से रोक नहीं पाया मैं वचनबद्धता पूर्ण शपथ लेता हूं कि मानव सेवा में



संगठन के बहुउद्देशीय पूर्ति व विस्तार के लिए अपने तन मन धन की आहुति देने से पीछे नहीं हटूंगा इसी क्रम में संगठन के संस्थापक राजयोगी आचार्य श्री आनंद गिरि जी महाराज ने मानव सेवा भाईचारा भेदभाव से रहित होकर मानव सेवा में उफान में तत्पर रहने का आदेश दिया अपने भाषण में बोलते हुए संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ विजय कुमार ने संगठन को भी का विस्तार करते हुए संघ को अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाने का संकल्प लिया वह जनमानस के हित में संगठन में सभी को जोड़ने का आह्वान करते हुए मानव शक्ति से समाज में बदलाव का संकल्प लिया और बताया कि यह संगठन किसी जाति विशेष या धर्म से प्रेरित नहीं होते हुए सभी मानव के हित में कार्य करता है आज आज श्री राहुल बंसल को गाजियाबाद व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है ।

## मैहर विधायक के ग्रह ग्राम लटगाव में ओबीसी महासभा जन आंदोलन का हुआ भव्यता के साथ स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** विधानसभा क्षेत्र के ओबीसी महासभा के नेता वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नागेंद्र सिंह पटेल




ने एक बार फिर भ्रष्टाचार हटाओ संविधान बचाओ के नारे को लेकर बड़ा जन आंदोलन किया गया जिसमें आज लटागांव में भ्रष्टाचार हटाओ संविधान बचाओ धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन आयोजित किया गया है जिसमें ओबीसी एसटी एससी अल्पसंख्यक एकता मंच मैहर के तत्वाधान में यह विशाल आंदोलन आयोजित हुआ जिसमें तहसील प्रशासन खाद की समस्या राशन वितरण पानी की सुविधा वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन विधवा पेंशन पुलिस प्रशासन का अत्याचार अन्याय बेरोजगारी औद्योगिक नगरी शिक्षा स्कूल सुविधाएं आवास योजना पर भ्रष्टाचार धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार महंगाई शौचालय नशा मुक्ति बिजली की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें एवं गांव-गांव में अवैध पैकारी और नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए आंदोलन की गई,इस जन आंदोलन को आज दिनाँक 18दिसम्बर 2022 को दोपहर 1 बजे रीवा रोड़ होटल मैहर इन से नागेंद्र सिंह पटेल व छोटू सिंह पटेल के नेतृत्व में काफी मात्रा में ओबीसी महासभा एसटीएससी अल्पसंख्यक एकता मंच के काफी मात्रा में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सहित बाइक व चार पहिया एवम डीजे व ढोल नगाड़ों के साथ काफिला ग्राम लटगांव के लिए रवाना हुआ और यात्रा भदनपुर व रिवारा होते हुए लटगांव यात्रा पहुची जिसमे जगह जगह हुआ ओबीसी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया वही कार्यक्रम स्थल मैहर विधायक के गृहग्राम में इस तरह के कार्यक्रम से 2023 विधान सभा चुनाव की तैयारी को भो लोग जोड़कर देख रहे है,इस कार्यक्रम के दौरान अखिलेश सिंह भरहुत नगर जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा, पप्पू कनौजिया संभागीय अध्यक्ष , नागेंद्र सिंह विशिष्ट सदस्य,चंद्र प्रकाश पटेल जिला उपाध्यक्ष, विद्यधर कुशवाहा राष्ट्रीय प्रवक्ता, शिवल्लन कुशवाहा जिला संयोजक, वैजनाथ कुशवाहा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा,रावेंद्र पटेल, विक्की गुप्ता, आदर्श जैसवाल, राजेश सिंह जनपद सदस्य, विजय दहिया, मनीष पटेल, बबलू पटेल सहित भारी संख्या में स्थानीय लोव उपस्थित रहे।

# 'जैसे सुशांत सिंह राजपूत को मारा, ये मुझे भी मार देंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कमाल राशीद खान यानी केआरके खुद के फिल्म क्रिटिक होने का दावा करते हैं और तथाकथित सुपरस्टार्स हर फिल्म के 125 करोड़ चार्ज करते हैं और फिर एक ही क्रिटिक के रिव्यू से डर जाते हैं। इसलिए आप अपनी केआरके को खूब आता है। वो पहले भी खुद को जान से मारने की कोशिशों का आरोप लगा चुके हैं। हालांकि इस बार वो सुशांत सिंह




अब उन्होंने एक और आशंका जाहिर की है। बॉलीवुड के बड़े-बड़े स्टार्स पर निशाना साधने वाले केआरके का कहना है कि उन्हें जान से मारने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने अपनी तुलना दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत से की है और कहा कि वो जल्द ही खुलासा करेंगे कि उनके नाम की सुपारी किसने दी है केआरके ने लगाया आरोप केआरके ने एक के बाद एक ट्वीट किए और बिना नाम लिए ही कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा, 'आप सभी बकवास फिल्मों को सुपरहिट बनाने के लिए उसे (केआरके) मारना चाहते हैं। तो मेरे लिए आप सुपरस्टार नहीं बल्कि बुखारी हैं। ऐसी जिंदगी पर आ थू।'इसके बाद एक दूसरे ट्वीट पर उन्होंने अपनी तुलना सुशांत सिंह राजपूत से की। केआरके ने हिंदी में लिखा, 'अगर मुझे धमकाया जा रहा है, तो फिर सुशांत सिंह को भी धमकाया गया होगा! अगर मुझे मारने की कोशिश की जा रही है, तो फिर शायद सुशांत को भी मारा गया होगा खबरों में कैसे रहा जाता है ये का नाम लेकर बुरे फंसे और सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाई। जल्द करेंगे खुलासा इससे पहले दो अन्य ट्वीट में केआरके ने बड़ा दावा किया था। उनके मुताबिक़, वे जल्दी ही यह बताएंगे कि उनके नाम की सुपारी किसने दी है। उन्होंने लिखा, 'मेरे वकीलों ने सभी एफआईआर को रद्द कराने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसके बाद मैं प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताऊंगा कि मेरे नाम की सुपारी किसने दी है'।

# दीपिका पादुकोण ने किया फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रविवार को फीफा वर्ल्ड कप 2022 का फिनाले अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच कतर में खेला गया। इस बीच कतर में बॉलीवुड से कई कलाकार इस मैच को लाइव देखने पहुंचे हैं। इनमें शाह रुख खान, कार्तिक आर्यन और रणवीर रॉय, संजय कपूर, चंकी पांडे और मानुषी छिल्लर जैसे कलाकार नजर आ सकते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले कुछ मैचों को स्टेडियम में बैठकर लाइव देखा था। अब दीपिका पादुकोण के अलावा उनके पति रणवीर सिंह भी कतर में मैच देखते नजर आ सकते हैं। दोनों को मुंबई मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी है कि वह फीफा वर्ल्ड कप 2022 लाइव देखने कतर जा रहे हैं। वहीं फुटबॉल वर्ल्ड कप में नोरा फतेही लाइव परफॉर्म करती नजर आई। जो कलाकार स्टेडियम में बैठकर मैच नहीं देख पाएंगे, वे घर पर टीवी के माध्यम



सिंह जैसे नाम शामिल है। वहीं दीपिका पादुकोण फिनाले से पहले वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण किया है, जबकि नोरा फतेही क्लोजिंग सेरेमनी में फीफा वर्ल्ड कप के गानों पर थिरकती नजर आई। फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अनन्या पांडे, शनाया कपूर, करिश्मा कपूर, मौनी एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। कार्तिक आर्यन ने भी कतर की बोर्डिंग पास की तस्वीरें शेयर की है। इससे पता चलता है कि वह भी मैच देखने कतर जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने फुटबॉल फाइनल का हैशटैग भी लगाया है। ईशान खट्टर ने भी सोशल से इस मैच का लाइव प्रसारण एन्जॉय करते नजर आएंगे। अर्जुन कपूर वरुण धवन ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर अर्जेंटीना की टीम को सपोर्ट करने वाले तस्वीरें और वीडियो शेयर की है जबकि कुछ लोगों का मानना है कि फ्रांस भी विजेता बन सकता है।

# बेटी नितारा संग 'अवतार द वे ऑफ वॉटर' दे देखने पहुंचे अक्षय कुमार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**16 दिसंबर यानी शुक्रवार को हॉलीवुड की मशहूर फिल्म 'अवतार 2' रिलीज हुई है। जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी साइंस फिक्शन फिल्म 'अवतार' का दूसरा पार्ट 'अवतार द वे ऑफ वॉटर' के साथ एक बार फिर फिल्म देखने पहुंचे। अक्षय कुमार रविवार शाम बेटी नितारा संग फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' देखने के लिए पहुंचे थे। इन तस्वीरों को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अक्षय कुमार बेटी नितारा के लिए 13 दिसंबर को मुंबई में हुई स्पेशल स्क्रीनिंग में अक्षय कुमार ने इस फिल्म को देखा था। फिल्म देखने के बाद उन्होंने ट्वीट कर जमकर तारीफ की थी। फिल्म देखने के बाद उनके मुंह से एक ही शब्द निकला- 'ओह बॉय!!!' ऐसा अब




इन दिनों सिनेमा घरों में धमाल मचा रहा है। आमजन से लेकर फिल्मी सितारे भी मूवी के फैन हो रहे हैं। बीते दिनों मुंबई में बॉलीवुड सितारों के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग हुई, जिसमें अक्षय कुमार भी शामिल हुए थे। एक्टर को फिल्म इतनी पसंद आई की रविवार को बेटी नितारा एक प्रोटेक्टिव पिता की तरह नजर आए। इस दौरान एक्टर ब्लैक हुडी और जींस पहने हुए नजर आ रहे हैं। उनके पीछे नितारा चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कई फोटोज और तस्वीर वायरल हो रही है। बता दें अक्षय कुमार अपने बच्चों को मीडिया से काफी दूर रखते हैं। नहीं बल्कि उन्होंने खुद कहा है। खिलाड़ी कुमार ने टवीट कर लिखा- 'कल रात देखी और ओह बॉय!! शानदार शब्द है। अभी भी मंत्रमुग्ध हूं। जीनियस क्राफ्ट के आगे झुकना चाहता हूं।' इस पोस्ट में उन्होंने 'अवतार' के डायरेक्टर जेम्स कैमरून को भी टैग किया था।

# वीकेंड पर 100 करोड़ पार हुई 'अवतार 2', रविवार को भी की बंपर कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'अवतार द वे ऑफ वॉटर' ने रिलीज होते के साथ ही धूम मचा दी है। फिल्म 3 दिनों में ही 100 करोड़ पार हो कर गई। बाद पहले दिन फिल्म ने 45 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रचने की तरफ अपना एक कदम आगे बढ़ाया। दूसरे दिन भी फिल्म का कलेक्शन जबरदस्त रहा और



जेम्स कैमरून की इस फिल्म को दुनियाभर में लोग पसंद कर रहे हैं। 'अवतार' की ही तरह 'अवतार 2' भी कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ रही है। इसका पहला वीकेंड कलेक्शन सामने आ चुका है तो आइए देखते हैं फिल्म ने तीसरे दिन कैसा परफॉर्म किया है एडवांस बुकिंग में ही अवतार ने साबित कर दिया कि ये लंबी रेस का घोड़ा है। इसके फिल्म पहुंच गई 87.50 करोड़ के पास। अब सारा दारोमदार रविवार कलेक्शन पर टिका था और अवतार 2 ने निराश नहीं किया। के मुताबिक फिल्म ने तीसरे दिन जबरदस्त उछाल दिखाई और इसका कलेक्शन हो गया 50 करोड़ के करीब की कमाई की (आंकड़े शुरुआती हैं और इनमें फेरबदल संभव है)। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई पहुंच गई 137.50 करोड़ के करीब। इसमें से अंग्रेजी में 24 करोड़ का कलेक्शन रहा, हिंदी में 14 करोड़, तेलुगु में 4 करोड़ और तमिल में तीन करोड़ और मलयालम में 45 लाख का बिजनेस किया था। बता दें कि बॉलीवुड में 'अवतार 2' को सिर्फ 'दृश्यम 2' ही टक्कर दे पाई है उसे भी रिलीज हुए एक महीने से ऊपर हो चुके हैं। पिछले कुछ हफ्तों से कोई भी बड़ी बॉलीवुड फिल्म रिलीज नहीं हुई है। आने वाले वीक में रोहित शेट्टी की 'सर्कस' सिनेमाघरों में दस्तक देगी वाली है। अब ये 'अवतार 2' के सामने टिक पाती है या नहीं ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। 'अवतार 2' की भी असली परिक्षा शुरू होगी आज यानी सोमवार से। वीकेंड पर तो इसने 100 करोड़ पार कर लिए अब उम्मीद की जा रही है कि फिल्म अपने दूसरे हफ्ते तक 200 करोड़ का आंकड़ा पार लेगी। इतनी धांसू कमाई के बावजूद भारत में इस साल सबसे ज्यादा बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड टकेजीएफ चैप्टर 2ट के नाम है। इसने पहले दिन 53 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। बता दें कि 'अवतार' अभी तक दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल है।

# जेम्स कैमरून का दावा टाइटैनिक में जैक और रोज का साथ में बचना था असंभव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अवतार टू के निर्देशक जेम्स कैमरुन ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कहा कि टाइटैनिक जैक की पानी में डूबने से मौत हो जाती है, जिसे लेकर हमेशा ही चर्चा होती रहती है कि अभिनेता को बचाया जा सकता था। जेम्स कैमरुन ने



में जैक का बच पाना असंभव था। उन्होंने इससे जुड़ा एक सर्वे भी करवाया है जो कि फरवरी में रिलीज होने वाला है। गौरतलब है कि टाइटैनिक में लियोनार्दो डिकैप्रियो ने जैक की भूमिका निभाई थी। वहीं केट विंसलेट ने रोज की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म अपने जमाने की सुपरहिट फिल्मों में से एक थी। हॉलीवुड फिल्म होने के बावजूद इसने भारत में भी बंपर बिजनेस किया था। फिल्म टाइटैनिक में अभिनेता पहले कहा था कि जैक की मौत आर्टिस्टिक कारणों से जरूरी थी। जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी टाइटैनिक 1997 में आई थी। इस फिल्म को 14 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें से उसने 11 जीत लिए थे। कई लोगों को लगता था कि लियोनार्दो डिकैप्रियो को बचाया जा सकता था। कुछ लोग अपने पक्ष में तथ्य देते हुए कहते हैं कि जिस लकड़ी के दरवाजे पर रोज बैठकर अपनी जान बचाती है ।

# शाह रुख खान ने 'पठान' का किया प्रमोशन, वेन रूनी के साथ मस्ती करते आए नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता शाह रुख खान ने फीफा वर्ल्ड कप 2022 के मंच से अपनी आगामी फिल्म जाते हो और उसे अंत में सुलझाने के लिए बुलाते हो।' इसके आगे शाह रुख खान कहते है, 'मेरे लिए अगर आप बुरा ना माने तो



पठान का प्रमोशन किया है। वह फुटबॉलर वेन रुनी के साथ मस्ती करते नजर आए। 2022 का फुटबॉल फाइनल अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेला गया है। शाह रुख खान फिल्म पठान का प्रमोशन करने कतर पहुंचे थे शाह रुख खान इस अवसर पर अपनी आगामी फिल्म पठान का प्रमोशन करने कतर पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने इंग्लिश फुटबॉलर वेन रुनी के साथ जमकर मस्ती भी की। उन्होंने मजाक में कहा कि दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे का आईकॉनिक पोज के लिए वेन रुनी से ही प्रेरित है। वेन रुनी शाह रुख से पूछते हैं, 'पठान कौन है? क्या वह किसी फुटबॉलर की तरह दिखता हैं।'शाह रुख खान कहते है, 'मैं इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि आप हो लेकिन पठान आप ही हो। पठान वहीं व्यक्ति होता है जो जब आप फंस पठान की तुलना आपके अलावा किसी और फुटबॉलर से नहीं हो सकती, चाहे अभी या बाद में। आप बहुत ही मजबूत व्यक्ति हो।' इस अवसर पर दोनों ने डीडीएलजे का पोज भी किया। शनिवार को फैंस से बातचीत में शाह रुख खान से जब पूछा गया था कि फीफा वर्ल्ड कप के फिनाले में वह किस टीम का समर्थन कर रहे हैं। इस पर उन्होंने किसी भी एक टीम का नाम नहीं लिया था। पठान में शाह रुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण की अहम भूमिका है। उन्होंने ट्रॉफी का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने कई तस्वीरें भी शेयर की। पठान का निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने किया है। वहीं फिल्म में जॉन अब्राहम की भी अहम भूमिका है। यह 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# सारा अली खान ने पूरी की ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की शूटिंग में बिजी हैं। अब जानकारी आ रही है कि उन्होंने अपनी फिल्म



ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग को पूरा कर लिया है। अपनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी एक एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें साझा कर दी हैं। एक्ट्रेस ने तस्वीरें साझा कर बताया कि वो बीते कई दिनों से ऐ वतन मेरे वतन के लिए नाइट शेड्यूल की शूटिंग कर रही थीं, लेकिन रविवार को उन्होंने अपने इस शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस तस्वीर में एक केक भी नजर आ रहा है, जिसमें पर लिखा है इट्स रैप। साथ ही उन्होंने तस्वीर में ऐ वतन मेरे वतन भी लिखा है। रियल लाइफ किरदार में नजर आएंगी सारा इस फिल्म में सारा अली खान एक रियल लाइफ किरदार में नजर आने वाली हैं। जानकारी के अनुसार, ये फिल्म साल 1942 में हुए भारत छोड़ो आंदोलन पर आधारित होगी, फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा उषा मेहता की भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी, जोकि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सीक्रेट रेडियो ऑपरेटर थीं। कौन थीं उषा मेहता उषा मेहता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सीक्रेट रेडियो ऑपरेटर थीं। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए चल रहे आंदोलनों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उषा मेहता ने सीक्रेट रेडियो सर्विस 'कांग्रेस रेडियो' की शुरुआत की थी।

# अर्जेंटीना की जीत से गदगद बॉलीवुड, मेसी को शानदार खेल के लिए दी बधाइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल अर्जेंटीना ने जीत लिया है। इसपर बॉलीवुड के कई कलाकारों ने रिएक्शन दिए है। इनमें प्रीटी जिंटा, रणवीर शौरी, गुरु सोशल मीडिया पर अर्जेंटीना को बधाई देने वालों का तांता लग गया। कई कलाकारों ने अर्जेंटीना और टीम के कप्तान लियोनेल मेसी को जीत की बधाई दी।गूगल के हेड सुंदर पिचाई ने भी अर्जेंटीना की प्रकाश राज ने भी बधाई दी है। उन्होंने लिखा है, 'बहुत अच्छा खेल रहा। अर्जेंटीना बहुत अच्छा खेला। मेसी को बधाई।' वहीं गायक गुरु रंधावा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है, 'अभी क्या हुआ। मेसी



रंधावा और प्रकाश राज शामिल है। फाइनल मैच अर्जेंटीना वर्सेस फ्रांस के बीच कतर में खेला गया अभिनेता रणवीर शौरी ने कहा, 'कोई भी जीते यह खेल पैसा वसूल है।' फीफा वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल मैच अर्जेंटीना वर्सेस फ्रांस के बीच कतर में खेला गया। इस मैच को अर्जेंटीना ने पेनल्टी शूटआउट में जीता है। इसके बाद जीत पर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा है, 'यह अब तक का सबसे अच्छा खेल खेला गया है। अर्जेंटीना और फ्रांस ने बहुत अच्छा खेला।' मैसी से ज्यादा कोई डिजर्व नहीं करता था।' प्रीटी जिंटा ने लिखा था, 'हे भगवान, क्या खेल रहा। बहुत ही जबरदस्त। मेसी के लिए मैं यह चाहती थी। अर्जेंटीना बहुत अच्छा खेला।' इस अवसर पर बहुत ऊपर चला गया।इस बीच फ्रांस के खिलाड़ी ने भी बहुत अच्छा खेल दिखाया। उसकी भी कई लोग सराहना कर रहे हैं। इसके पहले बॉलीवुड के कई कलाकार मैच देखने कतर पहुंचे थे। इनमें शाह रुख खान, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और कार्तिक आर्यन जैसे नाम भी शामिल है। वहीं वरुण धवन और अर्जुन कपूर ने भी मेसी की जीत की कामना की थी।

# प्रभास ने कृति सेनन से अफेयर की खबरों के बीच शादी का सवाल पूछने पर लिया सलमान खान का नाम, दर्शक लगे हंसने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता प्रभास ने एक इंटरव्यू दिया है। इस अवसर पर होस्ट नेउनसे पूछा है कि वह शादी कब करने वाले हैं। इस पर उनका मजेदार जवाब सुनकर वहां पर बैठे दर्शक हंसने लगे। प्रभास उत्तर में कहते है कि वह शादी करेंगे लेकिन वह चाहते हैं उनसे पहले सलमान खान की शादी हो। उन्होंने शादी को लेकर पर ऐसा बम फोड़कर वहां पर बैठे लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया, साथ ही सभी यह सोचने लगे कि क्या दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। प्रभास अनस्टॉपेबल नामक चैट शो में नजर आए थे और वह नंदामुरी बालाकृष्णा से बात कर रहे थे। अनस्टॉपेबल तेलुगु चैट शो है। इसका एक नया प्रोमो जारी किया गया है। इसमें उनसे उनकी लव लाइफ और शादी के बारे में पूछा गया है। इस पर वे मजेदार जवाब देते नजर आते हैं।होस्ट प्रभास से पूछते हैं कि आप कब शादी करने वाले हो। इस पर प्रभास कहते हैं, 'सलमान खान के बाद।' इस पर सभी लोग हंसने लगते हैं। इस




वाकई अब प्रभास भी शादी नहीं करेंगे और सलमान खान की तरह ही बिना शादी किए रहने वाले हैं। प्रभास ने लव लाइफ के बारे में भी बात की है इस अवसर पर प्रभास ने अपनी लव लाइफ के बारे में भी बात की है। गौरतलब है कि प्रभास का नाम इन दिनों आदि पुरुष की एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ जोड़ा जा रहा है। कहा जा रहा है कि अवसर पर प्रभास से यह भी पूछा गया कि वह महिलाओं को रिझाने के लिए क्या कोई जादू-टोना करते हैं। शो का प्रोमो शेयर करते हुए लिखा गया है, 'प्रभास के बारे में सब कुछ जानने का अवसर। प्रभास ना सिर्फ मजाकिया है बल्कि मस्तीखोर भी है। वह अनस्टॉपेबल में नजर आएंगे।' इस पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया भी दी है। प्रभास और कृति सेनन के अफेयर की पुष्टि वरुण धवन ने लगभग झलक दिखला जा 10 शो में कर दी थी। कृति सेनन ने अफेयर की खबरों को अफवाह बताया। उन्होंने कहा है, 'ना प्यार है, ना ही पीआर है। हमारा भेड़िया रियलिटी शो में कुछ ज्यादा ही जंगली हो गया था।' उन्होंने इन अफवाहों को आधारहीन बताया। प्रभास फिल्म बाहुबली से लोकप्रिय हुए है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है। वह जल्द आदि पुरुष में नजर आएंगे। वे इस फिल्म में प्रभु श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।